✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 273 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 1 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के बांस घाट क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

# अंधेरे से उजाले तक : नीतीश कुमार के नेतृत्व में बढ़ता बिहार, बदला बिहार

## कुव्यवस्था से सुव्यवस्था और निराशा से आत्मविश्वास

जन्मदिन पर विशेष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार की राजनीति और विकास यात्रा में नीतीश कुमार का नाम एक निर्णायक मोड़ के रूप में दर्ज है। वर्ष 2005 से राज्य की बागडोर संभालने वाले और जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार बिहार के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं। वे दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जो विश्व रिकॉर्ड पुस्तक में भी दर्ज उपलब्धि मानी जाती है।

### कानून-व्यवस्था : भयमुक्त समाज की स्थापना

वर्ष 2005 से पहले बिहार को अपराध, अपहरण और अव्यवस्था के कारण जंगल राज की संज्ञा दी जाती थी। नीतीश कुमार ने सत्ता संभालते ही अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई। पुलिस बल को सशक्त किया गया, विशेष न्यायालय गठित हुए और राजनीतिक हस्तक्षेप पर रोक लगाई गई। वर्ष 2005 से 2007 के बीच हत्याओं में 13 प्रतिशत, लूट की घटनाओं में 46 प्रतिशत और अपहरण में 65 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। वर्ष 2006 से 2008 के बीच 26 हजार से अधिक अपराधियों को सजा हुई, जिनमें कई विधायक भी शामिल थे। परिणामस्वरूप राज्य की छवि में व्यापक बदलाव आया और बिहारी होने पर गर्व का भाव मजबूत हुआ।

### आधारभूत संरचनाः सड़कों से रोशन हुए गांव

नीतीश कुमार ने आधारभूत संरचना को विकास की रीढ़ माना। वर्ष 2005 से 2015 के बीच 33 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ, जिनमें ग्रामीण सड़कों का बड़ा योगदान है। सुल्तानगंज से भागलपुर तक 41.33



किलोमीटर लंबी जेपी गंगा पथ परियोजना, जिसकी लागत 4,849 करोड़ रुपये है, और मुंगेर-बरियारपुर 42 किलोमीटर परियोजना, जिसकी लागत 5,119 करोड़ रुपये है, जैसी योजनाएं क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ कर रही हैं। कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल, जिसे भारत का सबसे लंबा नदी पुल माना जा रहा है, ने उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच दूरी कम की है। वर्ष 2005 में जहां केवल 60 प्रतिशत गांवों में बिजली पहुंची थी, वहीं वर्ष 2018 तक लगभग सभी गांवों का विद्युतीकरण हो गया। हर घर नल का जल योजना ने ग्रामीण जीवन में स्वच्छता और स्वास्थ्य के नए आयाम जोड़े।

### शिक्षा : साइकिल से विश्वविद्यालय तक

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ। वर्ष 2005 में शिक्षा बजट 4,341 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 40,450 करोड़ रुपये हो गया। एक लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई। वर्ष 2025 में 2.62 लाख अनुबंधित शिक्षकों को नियमित किया गया। वर्ष 2006 में प्रारंभ की गई मुक्त साइकिल योजना ने बालिकाओं के नामांकन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया और लिंग अंतर में 40 प्रतिशत की कमी आई। वर्ष 2005 में 12 प्रतिशत से अधिक बच्चे विद्यालय से बाहर थे, जो वर्ष 2020 तक घटकर 1.72 प्रतिशत रह गए। वर्ष 2026 तक 534 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की योजना है, जिसमें प्रथम चरण में 213 कॉलेज शामिल हैं।

### स्वास्थ्य : गांव-गांव तक चिकित्सा सेवा

स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी उल्लेखनीय रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मासिक मरीज संख्या 39 से बढ़कर 11,600 तक पहुंच गई। मेडिकल कॉलेजों की संख्या 6 से बढ़कर 12 हो गई। पटना मेडिकल कॉलेज का विस्तार 5,400 शैय्याओं तक किया जा रहा है। सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाई गई और प्रखंड स्तर पर विशेष अस्पताल विकसित किए गए। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान की क्षमता 1,200 शैय्याओं तक बढ़ाई गई और कुल क्षमता 3,000 शैय्याओं तक विस्तार की दिशा में कार्य जारी है। इन पहलों ने मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### आर्थिक विकास : तेज रफ्तार, शेष चुनौतियां

आर्थिक मोर्चे पर भी बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की। वर्ष 2005 में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 77 हजार करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गया। जीविका परियोजना ने ग्रामीण महिलाओं और स्वयं (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट के मुंशी की पत्नी की दिनदहाड़े हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आलमगंज थाना क्षेत्र के दादरमंडी मस्जिद के समीप शनिवार दोपहर 45 वर्षीय महिला सुलेखा गुप्ता की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजकिशोर सिंह और थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार छानबीन जारी है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया जा रहा है। मृतका के पति पल्टू कुमार गुप्ता ने बताया कि वे गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में थे। वहां मुंशी का काम करते हैं।

### पीएमसीएच की हेड नर्स की हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दानापुर थाना क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज हत्या ने सबको स्तब्ध कर दिया। पीएमसीएच में कार्यरत हेड नर्स चांदनी कुमारी की उनके ही पति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी की पहचान सोनू कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से छपरा का रहने वाला है। घटना के बाद उसने खुद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे घर से ही हिरासत में ले लिया। हत्या के पीछे घरेलू विवाद, आर्थिक तनाव की बात सामने आ रही है।

### जदयू के जिलाध्यक्ष पद का चुनाव आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के जिला अध्यक्ष पद के लिए संगठनात्मक चुनाव रविवार को पूरे प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी पार्टी के कार्यालय सचिव संजय सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि जिला चुनाव पदाधिकारी एवं जिला चुनाव पर्यवेक्षक सभी जिलों में पार्टी नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव प्रक्रिया को सफल एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताा कि मधेपुरा, सहरसा एवं नालन्दा में चुनाव प्रक्रिया को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

# लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध कराएं हर आवश्यक सुविधा : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इन्हें गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। दिन में उन्होंने बांस घाट क्षेत्र स्थित विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान बांस घाट क्षेत्र में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शवदाह गृह परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मंदिरी नाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन दो-लेन संपर्क सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इस निर्माणाधीन दो-लेन संपर्क सड़क को नेहरू पथ



(बेली रोड) के आयकर चौराहा से दानापुर-बांकीपुर पथ के बांस घाट होते हुए जेपी गंगा पथ से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बांस घाट में शवदाह गृह परिसर का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कहा कि यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराएं। मंदिरी नाला परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन दो-लेन संपर्क सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाकर बेहतर ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इस पथ का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से नेहरू पथ और जेपी गंगा पथ के बीच सीधी संपर्कता होगी जिससे लोगों को आवागमन में और अधिक सहूलियत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय कुमार झा, विधायक श्याम रजक, नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, एवं डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश के जन्मदिन पर आंगनबाड़ी केन्द्रों के 51 लाख बच्चों को मिलेगी ड्रेस

- श्रवण कुमार पश्चिम चंपारण और बगहा से करेंगे शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दो सेट ड्रेस दिए जाएंगे। इसकी शुरुआत ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार के हाथों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर रविवार को किया जाएगा। योजना के अनुसार प्रथम चरण में करीब 51 लाख बच्चों को दो-दो सेट ड्रेस देने की तैयारी है। रविवार को राज्य स्तर पर होने वाले शुभारंभ के क्रम में विभागीय मंत्री खुद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कर्मभूमि पश्चिम चंपारण और इसके बाद बगहा में ड्रेस का वितरण करेंगे। इस संबंध में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 2022 में मुंगेर जिले से शुरू हुआ बिहार का पहला दीदी सिलाई केंद्र आज राज्य के 15 जिलों में 25 आधुनिक सिलाई उत्पादन-सह-प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में विस्तार पा चुका है। इसके साथ ही सभी प्रखंडों में दो-दो उप-सिलाई केंद्र संचालित हो रहे हैं। इस प्रकार कुल 1050 सिलाई केंद्रों के माध्यम से लगभग एक लाख जीविका दीदियां आजीविका से जुड़ रही हैं, जो अपने पैरों पर खड़े होने की सशक्त मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे बिहार की पहली पाठशाला के विद्यार्थी हैं। उनके सपने भले ही छोटे हों, लेकिन उनकी संभावनाएं असीम हैं। जीविका दीदियों के हाथों तैयार पोशाक केवल पहनावा नहीं, बल्कि बराबरी का एहसास, आत्मविश्वास और सम्मान का प्रतीक है। हर पोशाक में दीदियों की मेहनत के साथ ममत्व और संवेदना जुड़ी है।

### राजस्व सेवा के अधिकारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के सीओ सहित राजस्व सेवा के अन्य अधिकारी एक बार फिर हड़ताल की चेतावनी दी है। सरकार से हुए समझौतों को लागू करने को लेकर संघ ने दो मार्च को राज्यव्यापी सामूहिक कलमबद्ध और काला बिल्ला लगाने का निर्णय लिया है। अगर इसके बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो राजस्व अधिकारी हड़ताल पर जाने सहित अन्य निर्णय लेने को स्वतंत्र होंगे।

# होली को लेकर गांव-गांव तक पुलिस अलर्ट : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होली को लेकर पुलिस ने साफ कर दिया है कि त्योहार के नाम पर किसी भी तरह की बदमाशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे बिहार में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। हर जिले में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है ताकि शांति बनी रहे और लोग बिना डर के त्योहार मना सकें। बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने सभी जिलों के एसपी और पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी गड़बड़ी की आशंका हो तो पहले से ही तैयारी रखें। खासकर उन जगहों को चिन्हित करने को कहा गया है जहां पहले होली के दौरान विवाद या झगड़े हो चुके हैं। हर जिले में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं और हर दो घंटे पर स्थिति की जानकारी ली जाएगी। पुलिस का खास फोकस बाइकर्स गैंग और सड़क पर रेस लगाने वालों पर रहेगा। त्योहार के बहाने स्टंटबाजी या तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होगी। दो समुदायों के बीच किसी भी तरह का तनाव पैदा करने की कोशिश करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। धार्मिक स्थल और पहले से संवेदनशील माने जाने वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों को कहा गया है कि पिछले तीन सालों में होली के दौरान हुई घटनाओं की समीक्षा कर उसी हिसाब से रणनीति बनाएं। होली के समय बाहर से लोग अपने घर लौटते हैं और पुराने जमीन विवाद या आपसी रंजिशें फिर से उभर आती हैं। ऐसे मामलों पर भी पुलिस नजर रखेगी ताकि छोटी बात बड़ा रूप न ले ले। अगर कहीं कोई घटना होती है, तो वहां तुरंत वरिष्ठ अधिकारी पहुंचेंगे और हालात को संभालेंगे। जरूरत पड़ने पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ किया है कि अफवाह फैलाने, नफरत भड़काने या माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। संदिग्ध लोगों के मोबाइल फोन पर भी नजर रखी जा सकती है। ट्रेनों में नशाखुरानी गिरोह पर भी खास नजर रखने को कहा गया है। त्योहार के समय बाहर से आने वाले लोगों, खासकर मजदूरों को नशा खिलाकर लूटने की घटनाएं सामने आती हैं। इसलिए रेलवे और स्थानीय पुलिस को चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त बल की बात करें तो राज्यभर में रेंज रिजर्व, बीसैप, नवनियुक्त सिपाही, ट्रेनी सिपाही और होमगार्ड की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। केंद्रीय पुलिस बल की कंपनियां भी लगाई गई हैं। राजधानी पटना में सबसे ज्यादा बल तैनात किया गया है। दरभंगा, गया, मुंगेर, बक्सर और अन्य जिलों में भी जरूरत के हिसाब से जवान लगाए गए हैं।




# बिहार में बिछ रहा उद्योगों का जाल : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** बिहार के औद्योगिक नक्शे पर एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल अंतर्गत नावानगर में शनिवार को एक फैक्ट्री का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल ने रिमोट से बटन दबाकर फैक्ट्री का शुभारंभ किया। नावानगर में लदानी परिवार द्वारा स्थापित यह फैक्ट्री लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार की गई है। फैक्ट्री के उद्घाटन के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि अब रोजगार की तलाश में बिहार से बाहर जाने की मजबूरी कम होगी और स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में काम के अवसर मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि



बिहार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार ने चरणबद्ध तरीके से काम किया है। पहले सड़कों का जाल बिछाया गया, फिर कानून का राज स्थापित किया गया, पानी और बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ की गई और अब उद्योगों का जाल बिछाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने लदानी परिवार को धन्यवाद देते हुए आग्रह किया कि वे बिहार में और चार-पांच फैक्ट्रियां स्थापित करें। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में बिहार में उद्योगों का व्यापक विस्तार होगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रशासनिक अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में कानून का राज है। जो कानून तोड़ेगा, उसके लिए जेल या जीवनदायिनी गंगा का रास्ता तय है। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी भी स्तर पर परेशानी हो तो सीधे प्रशासन को सूचना दें, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री के शुरू होने से न सिर्फ प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, बल्कि परिवहन, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। नावानगर और आसपास के इलाकों में होटल, दुकानें और अन्य सेवाएं विकसित होंगी, जिससे समग्र आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। बक्सर जैसे जिले में इतनी बड़ी औद्योगिक परियोजना एक नई उम्मीद लेकर आया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि यह प्लांट बिहार में बेरोजगारी कम करने और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने में कितना कारगर साबित होता है। फिलहाल, नावानगर की धरती से शुरू हुई यह औद्योगिक पहल बिहार के भविष्य के लिए एक मजबूत संकेत मानी जा रही है।

# ग्रामीण सड़कों के समयबद्ध निर्माण को लेकर विभाग सख्त, तय हुई डेड लाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उन्नत कोटि की बारहमासी सड़कों एवं पुलों के निर्माण के साथ ही सभी बसावटों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने का काम युद्धस्तर पर जारी है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से शनिवार को अधिवेशन भवन में विभाग के सचिव दिवेश सेहरा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई जहां विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी कार्यों के





त्वरित निष्पादन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस क्रम में विभाग की तरफ से राज्य प्रायोजित मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, ग्रामीण टोला निश्चय योजना, राज्य योजना (नाबार्ड), मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ नवीनीकरण एवं अनुरक्षण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ संपर्कता योजना, सात निश्चय पार्ट-3 एवं केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि सात निश्चय पार्ट-3 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का चरणबद्ध तरीके से चौड़ीकरण कर उन्हें इंटरमीडिएट लेन (5.5 मीटर) का निर्माण कराया जाना है। इसके अंतर्गत ग्रामीण सड़कों पर जेब्रा क्रॉसिंग और रिम्बल स्ट्रीप के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया। समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव देवेश सेहरा इस योजना के प्रगति की समीक्षा की। सड़कों के चौड़ीकरण के लिए सरकारी भूमि की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य में लक्षित 1 लाख 29 हजार 990 बसावटों और 1 लाख 33 हजार 675 किलोमीटर सड़क एवं 4655 पुलों के निर्माण के बदले 1 लाख 20 हजार 876 बसावट को संपर्कता प्रदान की जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके 75वें जन्मदिन पर स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि नीतीश कुमार बिहार की प्रगति, उन्नति, संगठनात्मक एकता और राजनीतिक शुचिता के प्रतीक हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना ने राज्य को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने विकासोन्मुख



नीतियों और सुशासन की अवधारणा के माध्यम से बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार की सादगी, सरलता और सहजता ने उन्हें जनमानस के बीच विशेष स्थान दिलाया है। वे प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति के धनी, नवसृजन के प्रेरक और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके नेतृत्व में राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री का सार्वजनिक जीवन अनुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव का उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में बिहार निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहेगा।

# एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा में सम्मानित हुए डॉ मुकेश कुमार ओझा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा की ओर से आयोजित शब्द-कोश रचना एवं अनुवाद (भारतीय ज्ञान परंपरा) के तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव, फिरोज गांधी महाविद्यालय पटना के संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा को संस्कृत भाषा में उत्कृष्ट योगदान हेतु एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रो. पी बी शर्मा एवं निदेशक प्रो. संजय कुमार झा ने सम्मानित किया। इसके पूर्व डा. मुकेश कुमार ओझा को सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान वाराणसी की ओर से हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में संस्कृत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया था। मगध विश्वविद्यालय बोधगया, पटना विश्वविद्यालय, हिंदी साहित्य सम्मेलन बिहार, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, संस्कृत अकादमी पटना, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना आदि अनेक संस्थाओं की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ मुकेश कुमार ओझा सरल पद्धति से संस्कृत भाषा में बोलने ज्ञान 1986 से निरन्तर दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भषण शिविर के माध्यम से दे रहे हैं। कोरोना वायरस काल के बाद निरन्तर 41आनलाइन संस्कृत सम्भाषण शिविर भी चला चुके हैं जो आगे भी चलता रहेगा। इस सम्मान से सभी संस्कृत अनुरागियों में खुशी की लहर है।

# माटी कला बोर्ड गठन की मांग पर सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

## सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा में बिहार शरीफ विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य डॉ. सुनील कुमार तथा बाढ़ विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य सियाराम सिंह ने राज्य में प्रजापति (कुम्हार) जाति के उत्थान के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत कर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। अपने प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज की बड़ी आबादी मिट्टी से बने मूर्ति, बर्तन तथा अन्य पारंपरिक उत्पादों के निर्माण से जुड़ी है। देश के राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में प्रजापति (कुम्हार) समाज के कल्याण हेतु माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है जो इस समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से बिहार में भी माटीकला बोर्ड के गठन की मांग की। प्रस्ताव पर उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार बिहार में निवास करने वाले प्रजापति (कुम्हार) समाज तथा कुंभकारी व्यवसाय और माटी कला से जुड़े कर्मकारों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा हस्तशिल्प की अन्य विधाओं के साथ माटी कला, टेराकोटा एवं सेरामिक कला में निःशुल्क छह माह का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा प्रशिक्षुओं को मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

मंत्री ने कहा कि राज्य के माटी कला शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। शिल्पियों को मेला और प्रदर्शनी में निःशुल्क बिक्री केंद्र उपलब्ध कराया जाता है तथा प्रति मेला प्रति शिल्पी पांच हजार रुपये यात्रा व्यय के रूप में दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त दरभंगा के मौलागंज में टेराकोटा के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की एकीकृत विकास एवं प्रोत्साहन हस्तशिल्प योजना के अंतर्गत सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका संचालन जीविका के माध्यम से किया जा रहा है। इस विषय पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भी कहा कि राज्य में लगभग 28 लाख कुम्हार जाति के लोग हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों की तर्ज पर माटी कला बोर्ड की स्थापना के संबंध में सरकार को समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। सदन में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई और सरकार ने समुदाय के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर विधानसभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि बिहार की पावन धरती पर जन्मे डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चंपारण सत्याग्रह से लेकर संविधान सभा तक राष्ट्र निर्माण की हर महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के कठिन दौर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाते हुए जनजागरण का कार्य किया और किसानों, वंचितों तथा आम जन के अधिकारों के लिए सतत संघर्ष किया। अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के शिक्षाविद् और विधिवेत्ता भी थे। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और सहमति की परंपरा को मजबूत आधार प्रदान किया। देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल सादगी, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श उदाहरण रहा।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसानों के मसीहा और समानता, एकता तथा सेवा के संदेशवाहक के रूप में डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्श वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने, सामाजिक समरसता बनाए रखने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति, त्याग और समर्पण की जीती-जागती मिसाल है।

# राजेंद्र बाबू की पुण्यतिथि मनाई गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम में मनायी गयी। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमिटी के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमिटी के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संविधान निर्माण और राष्ट्र निर्माण के अतुलनीय पुरोधा थे। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और देश के प्रति



समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी जो डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों की सच्ची विरासत है। कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद में विलक्षण प्रतिभा के साथ-साथ उनका स्वाभाव भी बहुत ही मृदुल था। देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले राजेन्द्र बाबू सामान्य जीवन जीने में विश्वास रखते थे। उन्होंन कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिये यह बड़े गर्व की बात है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्षों से अधिक समय तक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किये और सदाकत आश्रम में ही अंतिम सांस ली।

# बिहार विद्यापीठ में राजेन्द्र स्मृति समारोह एवं विज्ञान दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर राजेन्द्र स्मृति समारोह तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम से पूर्व राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय में प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें विजय प्रकाश, डॉ. तारा सिन्हा, डॉ. नीरज सिन्हा, निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्या डॉ. पूनम



वर्मा, सहायक प्राध्यापकगण, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। सुजाता वर्मा तथा सहायक प्राध्यापक कंचन कुमारी के नेतृत्व में देशरत्न के प्रिय भजन का सामूहिक गायन हुआ जिससे वातावरण श्रद्धामय हो उठा। मुख्य समारोह में सचिव डॉ. राणा अवधेश, वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, बीवी फाउंडेशन के मुख्य परिचालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा सहित समस्त प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. राणा अवधेश ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के सादगीपूर्ण जीवन, प्रखर बुद्धिमत्ता और सादा जीवन उच्च विचार की जीवन दृष्टि को रेखांकित किया। साथ ही महान वैज्ञानिक सीवी रमन के व्यक्तित्व और 'रमन प्रभाव' की वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्हें 1930 में इस खोज के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की प्रासंगिकता रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास में शिक्षक समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सहायक प्राध्यापक डॉ. शादमा साहिन के संयोजन में 'नवाचारों का भविष्य एवं सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' विषय पर पैनल चर्चा हुई जिसमें प्रशिक्षु वेद, रोहित, विशाल और तारिक अजीज ने सक्रिय भागीदारी की। चर्चा में वैज्ञानिक जागरूकता, आलोचनात्मक चिंतन और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण प्रक्रिया को अपनाने पर बल दिया गया। सहायक प्राध्यापक मंजरी चौधरी ने 'विज्ञान' कविता का प्रभावशाली पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकान्त आर्य ने किया तथा समापन पर अवधेश के नारायण ने आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण, शून्य कार्बन उत्सर्जन और शून्य अपशिष्ट की दिशा में वैज्ञानिक प्रयासों की आवश्यकता रेखांकित की। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# होली से पूर्व केवाइपी भुगतान जारी करने की मांग, भुगतान नहीं तो आंदोलन तेज : केंद्र संचालकों ने दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के लंबित भुगतान को लेकर राज्यभर के केंद्र संचालकों ने सरकार से होली पर्व से पूर्व भुगतान जारी करने की ठोस मांग की है। संचालकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि में भुगतान निर्गत नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। केंद्र संचालकों का कहना है कि पिछले चार महीनों से भुगतान लंबित है जबकि पूर्व में प्रत्येक माह नियमित रूप से राशि जारी होती थी। लगातार देरी से संस्थान आर्थिक दबाव में हैं। कर्मचारियों के वेतन, भवन किराया, बिजली बिल एवं अन्य आवश्यक खर्चों का वहन संचालकों को अपने संसाधनों से करना पड़ रहा है। 23 फरवरी



2026 को युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव को 20 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया था। 28 फरवरी तक भुगतान का आश्वासन दिया गया था। विभाग की ओर से लिखित निर्देश भी जारी किया गया था, किंतु समयसीमा बीतने के बाद भी भुगतान निर्गत नहीं हुआ। केंद्र संचालकों का कहना है कि होली जैसे प्रमुख त्योहार से पूर्व भुगतान न होना हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न करेगा। उन्होंने सरकार से संवेदनशील रुख अपनाते हुए अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा यह केवल वित्तीय मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता का प्रश्न है। यदि होली से पूर्व भुगतान नहीं हुआ तो राज्यव्यापी चरणबद्ध और शांतिपूर्ण आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसमें सभी जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय संगठन एक साथ मिलकर मोर्चा संभालेंगे। सभी संगठनों से बातचीत कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। फिलहाल विभाग की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

# द टाइगर इवेंट्स व जय जानकी संगठन ने 101 महिलाओं को दिया प्रेरणा पदक सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** के बी एन क्लब रामनगरी आशियाना में एक दिवसीय महिला प्रेरित सम्मान सीजन-2 का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भोजपुरी जगत के मशहूर महानायक कुणाल सिंह, पटना के मेयर सीता साहु रहे और साथ में इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, निर्देशक राजू कुमार अपना संसार, जदयू के प्रदेश प्रवक्ता जदयू नेता धीरज सिंह कुशवाहा, अभिनेत्री/ बैंकर पूर्णिमा पदमासना, पुष्पा तिवारी, ज्योति सिन्हा, ब्रजेश कुमार, स्वाति प्रिया, जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, ग्रामीण स्वास्थ्य मित्र निर्देशक डॉ राजकुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार पाण्डेय और जस्टिस फॉर सोसायटी के संस्थापक अधिवक्ता डॉ प्रकाश रंजन समेत कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिला प्रेरित सम्मान सीजन -2 के महत्वपूर्ण विषय बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी अपनाओ, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत-2047, वसुधैव कुटुम्बकम, स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी विथ स्मार्ट माइंड तथा हमारा देश हमारी जिम्मेदारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया।

# जे.डी. वीमेंस कॉलेज में 'समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जे.डी. वीमेंस कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा मां प्रेमा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सेमिनार का विषय था– 'समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध'। समापन सत्र के मुख्य अतिथि, बिहार लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि अरुण कुमार भगत ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य में प्रतिरोध के स्वर तभी सार्थक हैं जब वे समाज को जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज को बांटने वाली रचनाओं की आवश्यकता नहीं है, बल्कि ऐसी कृतियों की रचना होनी चाहिए जिनसे समरसता, सद्भाव और सामाजिक संतुलन को बल मिले। उनके अनुसार साहित्य का उद्देश्य सामाजिक प्रतिरोध को उग्र बनाने के बजाय उसे सकारात्मक दिशा देकर समाज में



सामंजस्य स्थापित करना होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रो. ई. विजयलक्ष्मी, मणिपुर विश्वविद्यालय ने पूर्वोत्तर के साहित्य और वहां की सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीमांचल क्षेत्रों की समस्याएं, घुसपैठ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां वहां के साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध के रूप में अभिव्यक्त होती हैं। उन्होंने सीमा संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों तक अभी भी विकास की पर्याप्त पहुंच नहीं हो सकी है जिसे सुनिश्चित करना समय की मांग है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य में प्रतिरोध स्वाभाविक है, किंतु वह सार्थक और रचनात्मक होना चाहिए। आयोजन अध्यक्ष प्रो. रेखा मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए सेमिनार की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने की। आयोजन सचिव डॉ. नलिनी रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिन्दी विभाग भविष्य में भी इस प्रकार के राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा, ताकि साहित्यिक विमर्श को नई दिशा मिल सके।

# टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर, रोड नंबर 6 में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिशु कक्षा, प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से होली नृत्य ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने 'होली खेले रघुवीरा' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे सभी ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक लायन राजीव भार्गव एवं प्रधानाचार्या लायन शिवानी भार्गव ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने रेनबो होम के बच्चों संग मनाई होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होली के पावन अवसर पर प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए कुम्हरार स्थित रेनबो होम में रहने वाले बच्चों के बीच पिचकारी, गुलाल, रंग एवं पंचमेवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ रंगों का उत्सव मनाते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अवगत कराना था। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए राकेश कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। पौराणिक कथा के अनुसार होलिका अग्नि में जलकर भस्म हो गई जबकि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बच गए



और उनका विश्वास अडिग रहा। इसी विजय की स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। धर्मराज केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि होली भारत का एक ऐसा उत्सव है जो विभिन्न समुदायों, आयु वर्गों और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों को एक सूत्र में बांधता है। रंगों के माध्यम से हम आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंगों के साथ होली खेली और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश कुमार, एमपी जैन, मुकेश जैन, धर्मराज केसरी, दुर्गा राय, अनिल अग्रिहोत्री, शंभु बाबा, पवन कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा के ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# ससुराल नहीं जाने से नाराज पति ने की पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** होली पर्व में ससुराल नहीं जाने से नाराज व तीखी नोक झोक के बाद पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पीट पीट कर हत्या कर दी। मामला दानापुर थाना क्षेत्र के गोला रोड के श्री राम नगर, लेन नंबर 1 की है। मृतका की पहचान सोनू कुमार सिंह की पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है जो पीएमसीएच में सीनियर नर्स के रूप में कार्यरत थी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया एवं आरोपित पति को हिरासत में ले लिया। आरोपित पति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम की उसने अपनी पत्नी चांदनी से होली पर ससुराल छपरा जाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पति सोनू ने उसे बेहरमी से पीट पीट कर मार डाला।

# दादी मंदिर में अखण्ड ज्योत एवं सवामणी भंडारा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्री शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा बैंक रोड में 25 फरवरी से प्रारंभ हुए पांच दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन अखंड ज्योत जला। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि अखण्ड ज्योत जलाया गया। मंदिर सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ चूरमा एवं खीर से भगवान को भोग लगाने के लिए लाइन में लगे रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं को उनकी सवामनी प्रसाद का वितरण किया गया। एम पी जैन ने बताया कि आज के समारोह को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, पवन भगत, सूर्य नारायण, अक्षय अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रमेश मोदी, विमल माधोगढिया, रमेश केडिया, दीपक भुवानिया सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए थे।

# शांति समिति की बैठक में दिए गए कई तरह के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज थाना परिसर में शनिवार को आगामी होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। रोहतास पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में आगामी होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से की जबकि मुख्य अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार के द्वारा कई निर्देशों को बताया गया तो वहीं थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने भी विधि व्यवस्था संधारण में पुलिस एवं जनता के बीच संबंध में स्थापित करने की बातें कही। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा होलिका दहन, होली एवं जुलूस के दौरान विशेष सतर्कता बरतने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। रोहतास पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों के अलावा नगर परिषद बिक्रमगंज के पूर्व सभापति गुप्तेश्वर प्रसाद, जदयू नेता संजय वर्मा, आलिम कुरैशी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## होली में अवैध शराब की बिक्री से चिंतित हैं ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अवैध शराब की लगातार मामले उजागर होने एवं क्षेत्र में इसके कारण बढ़ रहे आपराधिक प्रवृत्तियों से ग्रामीणों में भय एवं चिंता का माहौल कायम है। होली पर्व में इसकी बेतहाशा वृद्धि बढ़ जाती है और बाजारों से लेकर ग्रामीण स्तर तक इसकी सप्लाई भी बढ़ जाती है। नये पीढ़ी के युवाओं के नशा के तरफ तेजी से हो रहे झुकाव के कारण अपराधिक घटनाएं भी बढ़ती हुई दिख रही है और इसका एक दुखद परिणाम यह दिखाई दे रहा है कि अब ऐसे दिग्भ्रमित युवकों के द्वारा सामाजिक अवसरों एवं विभिन्न स्थानों पर अपराध की घटनाएं अंजाम दी जा रही है। नशे में धुत ऐसे युवाओं का इस्तेमाल तेजी से आपराधिक गतिविधियों की ओर किया जाता है तो वहीं शराब के सौदागरों के द्वारा जहरीले वस्तुओं से इसके उत्पादन के कारण इसके सेवन करने वाले लोगों के शरीर पर भी पड़ता हुआ दिख रहा है जहां हम आए दिन समाचार पत्रों में शराब पीने के कारण हुई मौत को समझ पाते हैं। अनुमंडल क्षेत्र में शराब के कारोबारियों की इन दोनों बेतहाशा वृद्धि एवं इस संबंध में आ रहे मामले चर्चा में रहते हैं तो वहीं शराब पीने से कई लोगों की विभिन्न जगहों पर मौत के मामले की भी चर्चा हो चुकी है। फिलहाल सबसे बड़ी चिंता ग्रामीणों को है क्योंकि होली के समय में शराब के नशे में धुत शराबियों के द्वारा उत्पाद मचाए जाने की संभावना ज्यादा रहती है और इस क्रम में कई आपराधिक घटनाएं भी होने की आशंका बनी हुई है। हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा स्थानीय थाने से लेकर अनुमंडल स्तर तक शांति समिति के माध्यम से इस पर नियंत्रण के कई निर्देश एवं खाका तैयार किया जा चुका है, लेकिन कई ग्रामीणों ने इस ओर सख्त ध्यान देने की जरूरत जताई और कहा कि होली पर्व के दौरान ऐसे पियक्कड़ों एवं शराब धंधेवाजों पर पुलिस के द्वारा यदि सख्त निगरानी नहीं रखी जाती है तो पर्व त्यौहार में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

## तिलौथू का बेटा हंसराज सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में बना बिहार टॉपर, देश में तीसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत राकियान सरैया गांव के प्रतिभाशाली छात्र हंसराज ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए जहां बिहार पहला रैंक प्राप्त कर बिहार टॉपर बना वहीं पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया। हंसराज की यह सफलता न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे बिहार का मान बढ़ाया है। कक्षा 6 की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 300 में से 294 अंक प्राप्त कर हंसराज ने बिहार में प्रथम स्थान तथा पूरे भारत में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि प्रतियोगिता देशभर के लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच होती है जहां चयन पाना ही बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। ऐसे में बिहार टॉप करना और राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान लाना वास्तव में ऐतिहासिक उपलब्धि है। हंसराज का चयन प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल नालंदा में हुआ है। सैनिक स्कूल देश की उन प्रमुख संस्थाओं में गिना जाता है जहां विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत कर भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। औरंगाबाद स्थित आवासीय ज्ञान प्रतियोगिता निकेतन ने भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत ने हंसराज को इस मुकाम तक पहुंचाया। रोहतास सहित पूरे बिहार में इस उपलब्धि की गूंज सुनाई दे रही है। हंसराज के पिता राजेश कुमार सिंह एक साधारण किसान हैं और माता चिंता देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने पुत्र को बेहतर शिक्षा और संस्कार दिए। गांव की मिट्टी में पले-बढ़े इस बालक ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, संकल्प मजबूत हो और परिश्रम ईमानदार हो तो संसाधनों की कमी भी सफलता की राह नहीं रोक सकती। राकियान बिगहा, सरैया गांव सहित पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। तिलौथू प्रखंड के लिए यह गौरव का क्षण है जिसने एक बार फिर साबित कर दिया कि ग्रामीण प्रतिभाएं अवसर मिलने पर राष्ट्रीय मंच पर परचम लहरा सकती हैं। हंसराज की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का दीपक है। उनका सपना भारतीय सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।

## परिभ्रमण दल में शामिल बच्चे विभिन्न दर्शनीय स्थलों के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**विक्रमगंज (रोहतास)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए शनिवार को काराकाट प्रखंड के कई विद्यालय के बच्चे विभिन्न वाहनों से अपने शिक्षकों के साथ रवाना हुए। इन विद्यालयों में मध्य विद्यालय चांदी, मध्य विद्यालय बेनसागर, मध्य विद्यालय अमौना, मध्य विद्यालय किन्हीं, मध्य विद्यालय बाराडीह, मध्य विद्यालय भोपतपुर, मध्य विद्यालय देव मार्कंडेय और मध्य विद्यालय धवनी शामिल हैं। बच्चों को बोधगया के लिए रवाना करते हुए मुखिया अमृता कुमारी और प्रधानाध्यापक अख्तर जमा ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों की मानसिक और बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति अधिकाधिक रुचि पैदा होती है। परिभ्रमण दल में विद्यालय शिक्षक के साथ रसोइया प्रभावती कुंवर, शोभा देवी, गीता कुंवर और अन्य लोग शामिल रहे। मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कई ऐसे बच्चे भी हैं जिनके अभिभावक अपने बच्चों को इन ऐतिहासिक स्थलों को दिखाने में सक्षम नहीं हैं। लिहाजा सरकारी मद की राशि से बच्चों को परिभ्रमण पर ले जाना बच्चों के लिए लाभकारी है।

## होलिका दहन बिजली के तार, ट्रांसफार्मर से दूरी बनाकर करें : विद्युत अधीक्षण अभियंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग ने होली के दौरान सुरक्षित त्योहार मनाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बिजली के खंभों-लाइनों या ट्रांसफॉर्मरों के पास होलिका दहन न करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आग की लपटों से तारों और बिजली के केबलों के जलने या टूटने की स्थिति में गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें। किसी भी तरह की असुविधा होने पर टोल फ्री नंबर 1912 या नजदीकी फ्यूज कॉल सेंटर के नंबर पर कॉल किया जा सकता है। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने विभागीय अधिकारियों तथा अभियंताओं को निर्देश दिया है कि किसी भी सूरत में होली के दौरान बिजली कटौती न हो और सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग इस त्योहार को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली बिल की समय पर अदायगी और बकाया वसूली पर भी जोर दिया गया है। उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की अपील की गई है। बिजली विभाग के कर्मचारी और मानवबल बकायेदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बकाया बिल जमा करने का अनुरोध कर रहे हैं।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू की वंदना सभा में डॉ. सीवी रमन की खोज रमन प्रभाव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय के आचार्य अजय कुमार झा ने डॉ. सी.वी. रमन के जीवनी पर प्रकाश डाला। विद्यालय में अध्ययनरत नवम कक्षा के भैया प्रणव राज ने डा. सी सी रमन के द्वारा किए गए रमन प्रभाव के खोज की चर्चा किया और उनके जीवनी के बारे में भी बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने डॉ. रमन के द्वारा खोज किए गए रमन प्रभाव के बारे में बताया कि उनकी खोज से विज्ञान जगत में एक नया क्षेत्र कॉस्मिक किरणों की उपलब्धि विज्ञान जगत को प्राप्त हुई। इन्हें रमन प्रभाव के खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया। 28 फरवरी को डॉ. सी.वी रमन के द्वारा रमन प्रभाव की खोज की गई। इस कारण से आज ही के दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में 28 फरवरी को घोषित किया गया।

## अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक सोमनाथ राम साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान एवं आरक्षी हरेंद्र दुबे सभी रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड में गश्त एवं अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए प्लेटफार्म संख्या 03/04 पर किलोमीटर संख्या 538/22 के पास बने यात्री शेड में एक व्यक्ति देवेंद्र शर्मा, उम्र करीब 58 वर्ष, पिता गौरी शंकर शर्मा, ग्राम कालेन, थाना खंडवा, जिला-औरंगाबाद (बिहार) को एक पिट्ठू बैग विभिन्न प्रकार के कुल 09 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके पर ही सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति के पास से बरामद अंग्रेजी शराब को जब्त कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किए एवं अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास जिले के बड़की खरारी स्थित शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शैलेश सौरभ एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहम्मद सरफराज आलम ने अन्य फैकल्टी सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान टैलेंट सर्च परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 'विज्ञान तर्क, नवाचार और विकास की आधारशिला है।' उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान वैज्ञानिक सी वी रमण के योगदान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। वहीं, कोऑर्डिनेटर डॉ. आलम ने कहा कि विज्ञान केवल एक अकादमिक विषय नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने जानकारी दी कि बिहार काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पटना द्वारा आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें विज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। इस अवसर पर प्रोफेसर शशिकांत ने विज्ञान की महत्ता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री चक्रपाणि जी महाराज को जगद्गुरू बनाये जाने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम सासाराम के मीडिया प्रभारी सह स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बड़े हर्ष के साथ बधाई देते हुए बताया है कि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चक्रपाणि जी महाराज को जूना अखाड़ा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, गंगा पूजन और संतों की गरिमामय में उपस्थिति में जगतगुरु के पद पर सुशोभित किया गया है। यह हम सनातनियों के लिए गौरव की बात है। जगतगुरु पद पर आसीन होने के उपरांत महराज जी का नाम स्वामी चक्रपाणि नंद गिरी महाराज घोषित किया गया है। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज की निर्देशानुसार यह अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महर्षि अंजनेश आश्रम के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद जी ने वृहद हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षण की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, इसे संजोग कर रखने की आवश्यकता है। स्वामी रणजीतेशानंद जी ने कहा कि गुरुदेव महर्षि अंजनेश महाराज जी एवं स्वामी चक्रपाणि जी के काफी अच्छे मधुर संबंध रहे हैं, महाराज जी का आश्रम पर बराबर आना-जाना रहा है। आज भी उनका सानिध्य प्राप्त है उनका मार्गदर्शन मिलता रहता है। आश्रम के साधु संत एवं भक्तगण के द्वारा भी महाराज जी को बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद दिया गया।

## श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बुद्धिजीवी संघ समिति तारबंगला के तत्वाधान में श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत शुभ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन आज विशाल भंडारे के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की तथा हरि नाम संकीर्तन में भाग लिया। इस अवसर पर जदयू नेता सह वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा एवं जिला पार्षद अजय सिंह ने राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह यादव, रतन गुप्ता, ओमप्रकाश पासवान, रमेश कुमार बबलू, मनोज सिंह यादव, अनिल पांडे, कौशल शर्मा, सेठी यादव, अजय पटेल एवं गायक बिजेंदर जख्मी , विजय कुमार, ललन सिंह गदर, बबन सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**

**( चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग–ब्लैक/ब्लू )**

गढ़वा थाना कांड सं0–446/2025 दिनांक–04.10.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग–ब्लैक/ब्लू) जिसका रजी0 नं0– CG30E7138, चेचिस न0–MBLHAW170N4M15950, इंजन नं0–HA11EAN4M16028 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक–01.10.2025 को गढ़वा गढ़देवी मंदीर के नजदीक महामाया प्रिन्ट के बगल से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.373839 Police(25-26):D


## पत्रकार अर्चना मेहरा के निधन पर शोक

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** एक दैनिक अखबार की संवाददाता अर्चना मेहरा के आसामयिक निधन पर प्रेस क्लब ने शोक जताया। अर्चना मेहरा पीटीआई के पत्रकार चंद्रगुप्त मेहरा की पत्नी थी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष उपेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत शोक सभा में पत्रकारों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पत्रकार ने उनकी खबरों और सादा जीवन शैली पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके परिवार को नुकसान करने की शक्ति प्रदान करने और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। सभा में मुकेश पांडेय, जगनारायण पांडेय, मदन कुमार, राम अवतार चौधरी, विकास चंदन, निशांत, रवींद्र कुमार, रविकेश उपाध्याय, कमलेश मिश्रा, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

## बच्चा चोरी के अफवाह की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में इंटरनेट मीडिया पर बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने की प्राथमिकी अज्ञात के विरुद्ध की गई है। थानाध्यक्ष सह डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार इंटरनेट मीडिया पर बच्चों को चोरी करने वाली पकड़ी गई सावधान डिहरी लिखकर एक वीडियो वायरल किया जा रहा है। इनके द्वारा सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के प्रमुख सूचना एवं अफवाह फैलाया जा रहा है। इस कृत्य से समाज में शांति व्यवस्था भंग होने एवं विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भागवत कथा सुन भाव विभोर हुए ग्रामवासी एवं भक्तगण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** भागवत कथा के तीसरे दिन श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी के शिष्य बैकुंठ स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, फैजलगंज में 1 मार्च को दोपहर के दो बजे श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का आगमन होने जा रहा है। सभी भक्तों को पूज्य स्वामी जी मंदिर प्रांगण से देंगे आशीर्वाद उसके बाद उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जो भाग्यवान होते हैं। वही भगवान की कथा श्रवण करते हैं। भगवान की मंगलमय कथा सुनने से अनंत जन्मों का भाग्योदय होता है। यह जीवन ट्रेन रूपी है कब किस स्टेशन पर कब किस प्लेटफार्म पर कब किस हाल्ट पर रुक जाएगी यह पता नहीं इसलिए हमें भवसागर से पार करने के लिए हमें भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। भागवत कथा सुनने से सभी का कल्याण होता है महाराज जी ने हिंसा पर प्रकाश डाला जहां हिंसा है वहां कलयुग का वास है जो हिंसा करते हैं उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। महाराज जी ने मंच से नशा मुक्ति का संदेश दिया। महाराज जी ने कहा कि नशा से जीवन की बर्बादी हो सकती है उससे भला कभी नहीं हो सकता है। स्वामी जी ने कलयुग में दया और हिंसा पर भी सभी को संबोधित किया। आज के इस कलयुग में हमारे अंदर थोड़ी सी भी दया नहीं है कोई भी बात होती है तो तुरंत उग्र हो जाते हैं। अपनी उंगली कट जाती है तो बड़े से बड़े डॉक्टर के पास पहुंच जाते हैं और हिंसा करना होगा तो दूसरे को कितना भी चोट पहुंचा देंगे, इसलिए महाराज जी ने कहा कि मांस का आहार नहीं करना चाहिए जैसा खाओगे वैसा मन होगा, भगवान हर जगह है सभी जगह हैं बस हर समय अंतर मन से सच्चे हृदय से उन्हें देखने और खोजने की आवश्यकता है। महाराज जी ने दया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक मानव को अपने अंदर दया का भाव रखना चाहिए जिसके अंदर दया, करुणा, प्रेम का भाव है वह इंसान इस कलयुग में देवता के समान है। उन्होंने अंत में कहा कि जितना भगवान ने दिया उतना काफी है मेरे लिए इस तरह का भाव मन में रखना चाहिए अपने इंद्रियों को शांत रखना चाहिए।


**प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू**

**Bid Number:GEM/2026/B/7301099 (NIT)**

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पलामू में ICU के लिये मशीन उपकरण क्रय करने हेतू नम्नांकित शर्तो के अधीन निविदा दिनांक 27.02.2026 के अपराह्न से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ICU मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पलामू |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक **27.02.2026** |
| 2 | DD का ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट / रजि0 पोस्ट अथवा कुरियर से जमा करने की अंतिम तिथि | 12.03.2026 5 P.M तक |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 13.03.2026 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से DD के रूप में मान्य होगा। | 200000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदा दात्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी भाग मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदा दाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।
नोटः– निविदा की शर्ते आदि की जानकारी GEM PORTAL पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू

PR 373778 District(25-26).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**


Court of Sri A. Kachchap ACJM Nagar Untari
Schedule XLIII - High Court (M) 31C. (Old Criminal Process No. 4)
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुआ जाब्ता फौजदारी)
Nagar Untari 148/2025
(1) नाम व शिनाख्त पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (1) Pramod Kumar S/o Doman Bhuiyanhar
Vill- Narkhoriya PS- Nagar Untari Distt- Garhwa
U/S 137(2), 96 BNS
(6) इस अदालत व दस्तखत मेरे।
ACJM
10.02.2026
(SPL)
Printed by : Prisoners of L.J.N. Central Jail, Hazaribag.

नाम–(1) प्रमोद कुमार, पिता–डोमन भुइहर, सा0–पिंडरिया (नरखोरिया), थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा आपको सूचित किया जाता है कि आप नगरउंटारी थाना काण्ड सं0–148/25 धारा–137(2), 96, बी0एन0एस0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–10.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–21.02.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 373842 (Police) 25-26 (D)

# किराया नहीं देने पर 23 और दुकानों को नगर निगम ने किया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के अलग-अलग इलाके में नगर निगम की 667 दुकानें हैं। इन दुकानों में दर्जनों ऐसे दुकानदार हैं जो वर्षों से किराया नहीं दिया है। ऐसी 23 दुकानों को शनिवार को सील कर दिया गया। इस दौरान सिटी मैनेजर मुजफ्फर व मार्केट शाखा प्रभारी निशांत कुमार ने इन दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। नगर आयुक्युत अभिषेक पलासिया के निर्देश पर लगातार ऐसे दुकानों को चिन्हित कर नोटिस भेजा जा रहा है। इसके बाद भी किराया नहीं देने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए दुकानें सील की जा रही हैं। पूजा गेस्ट हाउस पर नौ लाख बकाया सिटी मैनेजर ने बताया कि केदारनाथ मार्केट स्थित पूजा गेस्ट हाउस पर नौ लाख रुपये बकाया रहने पर उसे सील किया गया है। इसके अलावा एपी कॉलोनी में उदय कुमार पालित की दुकान पर छह लाख बकाया रहने पर दुकान सील की गई है। बताया कि पूर्व में सिकड़िया मोड़ बस स्टैड में 23 दुकानों को सील किया गया था। शनिवार को शहर के दिग्घी, कठोकर, पंचायती अखाड़ा, एपी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में रहे 23 और चिह्नित दुकानों को सील किया गया है। तीन माह से अधिक किराया बकाया रहने पर होगी कार्रवाई मार्केट प्रभारी ने बताया कि नगर आयुक्युत निगम के राजस्व वृद्धि के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। तीन माह से अधिक किराया बकाया रहने पर दुकान सील करने की कार्रवाई की जायेगी। शनिवार को जो दुकानें सील हुई हैं उसमें दिग्घी कोर्ट की तरफ दो दुकाने, पूर्वी जिला स्कूल की ओर दो दुकानें, एपी कॉलोनी में दो, गांधी मैदान के पास एक, केदारनाथ मार्केट में छह, बाटम नाला के पास तीन, पंचायती अखाड़ा के पास चार व कठोकर के पास तीन दुकानें सील की गई हैं।

## होली-ईद-रामनवमी को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना परिसर में होली, ईद और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष सुदेह कुमार ने की जबकि अंचलाधिकारी मुकेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि होली, ईद और रामनवमी आपसी भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पर्वों के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# मगध विश्वविद्यालय ने पूरे किए अपने 65 साल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय रविवार को अपना 65वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाएगा। समारोह को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। समारोह में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी मुख्य अतिथि और डॉ. प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शनिवार को कुलपति प्रो. एसपी शाही ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अतिथि भवन में निर्माणाधीन भव्य पंडाल, मंच और अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण कर आयोजन की प्रगति का जायजा लिया। कुलपति ने आयोजन समिति को निर्देश दिया कि बैठक व्यवस्था से लेकर मंच सज्जा, ध्वनि-प्रकाश प्रणाली, सुरक्षा, स्वच्छता और अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था बेहतर हो। उन्होंने कहा कि 65 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा, शोध उपलब्धियों और सामाजिक योगदान का प्रमाण है। इसलिए समारोह की गरिमा उसी अनुरूप झलकनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कुलसचिव डॉ. बीके मंगलम, अधिष्ठाता डॉ प्रमोद कुमार चौधरी, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो दीपक कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, उपलब्धियों की प्रदर्शनी, सम्मान समारोह और अतिथि सत्कार की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों, उत्कृष्ट शोधकर्ताओं और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

# नरसिंहपुर से बदोपुर तक पक्की सड़क निर्माण की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर, खटनही, फतेहपुर, मौला बिगहा, कस्तूरीखाप एवं बदोपुर गांव के ग्रामीणों ने सांसद को आवेदन देकर नरसिंहपुर से उच्च विद्यालय बदोपुर तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 3 से 4 किलोमीटर लंबी यह सड़क अब तक कच्ची है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है। कीचड़ और जलजमाव के कारण छात्र-छात्राओं, मरीजों व आम लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार बीमार व्यक्ति को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा पाता। सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, रंजीत कुमार, विकास यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग औरंगाबाद और गया जिला की सीमा से सटा हुआ है, लेकिन अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि से शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# होली को लेकर अनुमण्डल स्तर पर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** शनिवार को होली को लेकर अनुमण्डल स्तर पर प्रखंड कार्यालय परिसर व टिकारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अनुमण्डल स्तर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल व टिकारी थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गई। बैठक में पूर्व के वर्ष में होली के दौरान क्षेत्र में हुए हिंसात्मक घटनाओं की समीक्षा की गई व सम्बंधित थानाध्यक्ष को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। वहीं नगर निकाय क्षेत्र में साफ-सफाई, विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्रुटि रहित विद्युत आपूर्ति करने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मद्य निषेध कानून का सख्ती से अनुपालन के साथ बिहार सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया गया। अनुमण्डल स्तर पर हुई बैठक में एसडीएम, एसडीपीओ के अलावा बीडीओ योगेंद्र पासवान, विपुल भारद्वाज, सम्भव कुमार सिंह, आईएस ट्विंकल, सीओ मयंक शेखर, मुकेश कुमार के अलावा मुख्य पार्षद अजहर इमाम, राणा रणजीत सिंह, नाहिद अख्तर, प्रभाष आनंद, रणजीत मुखिया, रामाशीष प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

**डीजे व अश्लील गानों पर रहेगा प्रतिबंध**

एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने स्पष्ट किया कि किसी भी हाल में डीजे से गाना नहीं बजाया जा सकेगा न ही अश्लील गानों का गायन किया जाएगा। नियम के विपरीत जाकर कृत्य करने वाले के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त एक्शन लेगी। श्री चंचल ने आमजनों से किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने व तुरंत इसकी सूचना पुलिस पदाधिकारियों को देने की अपील की। इसके अलावा धार्मिक उन्माद फैलाने वाले पर विशेष रूप से निगरानी रखी जायेगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि थाना स्तर से सूची लेकर शरारती तत्वों को नोटिस जारी कर बांड डाउन भी कराया गया है।

# अभिभावक शिक्षक छात्र संगोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में अभिभावक शिक्षक छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आए हुए अभिभावकों का अभिवादन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने किया और कहा कि आप अपने बच्चों को समय विद्यालय भेजें उनकी परीक्षा की तैयारी का अवलोकन करें समय-समय पर उनके होमवर्क को देखें और उनके खान-पान पोशाक रहन-सहन पर अभी हाल में वार्षिक परीक्षा होने वाली है इसमें इन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे जो भी विद्यार्थी विद्यालय में आते हैं उनके चौमुखी विकास के लिए सतत प्रयास कर रहा है। आपके सहयोग से ही विद्यार्थी को एक अच्छा इंसान विकासशील विद्यार्थी बनाने में हम सभी शिक्षक हैं।

# खिजरसराय में 'पुलिस सप्ताह' का आगाज

## बाइक रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खिजरसराय।** बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर बीते शाम खिजरसराय थाना परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने थाना परिसर में धूमधाम से रंगोली बनाकर एवं थाना परिसर से खिजरसराय बाजार होते हुए बाइक रैली निकाली गई जिसका उद्देश्य आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना था। जागरूकता रैली का नेतृत्व नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह और सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने किया। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने 'पुलिस स्वच्छता जागरूकता अभियान' के तहत लोगों को सुरक्षा और सहयोग का संदेश दिया। थाना प्रभारी बिजली कुमारी ने बताया कि यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जनता से संवाद स्थापित किया जाएगा। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने सामाजिक मुद्दों और अपनी कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाते हुए प्रेरक नारे लगाए। 'बेटी बोझ नहीं, समाज की सोच है' और 'हर नारी को दो सम्मान, तभी होगा देश महान' जैसे नारों के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। सभी जवानों ने नारा लगाते हुए कहा पुलिस वाला हूं, मुश्किल वक्त में भी मुस्कुराऊंगा, तूफान और बारिश में भी आपकी सुरक्षा के लिए खड़ा रहूंगा। वहीं इस कार्यक्रम में खिजरसराय थाना के सभी पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। बाजार भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के इस कदम की सराहना की।

# पिनकोड व डाकघर को गया से जोड़ने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नरसिंहपुर, वार्ड संख्या-14, पंचायत तिनेरी के रंजीत कुमार, विकास यादव आदि ग्रामीणों ने सांसद अभय कुशवाहा को आवेदन देकर नरसिंहपुर के डाकघर रफीगंज प्रखण्ड के गोरडीहा से बदलकर कोंच प्रखण्ड के भाम गांव में करने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, रंजीत कुमार, विकास यादव आदि ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में नरसिंहपुर का पिनकोड 824125 औरंगाबाद जिले से जुड़ा हुआ है जबकि गांव भौगोलिक रूप से गया जिले में स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों में पिनकोड 824125 अंकित होने के कारण होम ब्रांच औरंगाबाद दर्शाता है जिससे पत्राचार और कोरियर वितरण में परेशानी होती है। कई बार आवश्यक दस्तावेज समय पर नहीं पहुंच पाते हैं जिससे छात्र-छात्राओं व आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सांसद से मामले में पहल कर नरसिंहपुर डाकघर को गया जिले से संबद्ध कराने की मांग की है, ताकि डाक वितरण व्यवस्था सुचारू हो सके।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में होली मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** रंगों का पावन पर्व होली के अवसर पर गया जी स्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उपस्थित सभी सदस्यों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी भेदभाव, अमीरी-गरीबी, ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। होली हमें सिखाती है कि हम सभी एक समान हैं और प्रेम, सद्भाव तथा मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की और संकल्प लिया कि वे समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कामना की कि यह रंगों का पर्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खुशियों के रंग भर दे, परिवार में सुख-शांति बनाए रखे और समाज में सद्भाव तथा सौहार्द का वातावरण बना रहे। मौके पर राणा रणजीत सिंह, गोपाल प्रसाद यादव, संतोष ठाकुर, सुशांत सिंह, चंदन कुमार समर, छोटू कुमार, रितिक कुमार, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता, कुंदन सिंह, महेश यादव, शेखर हीरा यादव, अभिषेक कुमार, मुन्ना यादव, दीपक पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार, कार जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चाकी, डोभी में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक हुंडई एक्सेंट कार से अवैध बीयर एवं विदेशी शराब जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार जांच के क्रम में उक्त वाहन से कुल 375.100 लीटर अवैध बीयर एवं विदेशी शराब (734 बोतल) जब्त की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रंजय कुमार (उम्र लगभग 35 वर्ष), पिता-शंकर प्रसाद, ग्राम-खरहरी, थाना- मुफस्सिल, जिला-गया के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से हुंडई एक्सेंट कार को भी जब्त कर लिया है। वाहन का चेसिस एवं इंजन घिसा हुआ पाया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है तथा जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।

# अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** नीमचक बथानी अनुमंडल मुख्यालय में शनिवार को अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतरी, नीमचक बथानी, मोहड़ा एवं खिजरसराय प्रखंड के मार्केटिंग ऑफिसर, गैस एजेंसी के प्रोपराइटर तथा अनुश्रवण समिति के सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा भुगतान नहीं मिलने के कारण चल रही हड़ताल का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस संबंध में जिला पदाधिकारी एवं डी.टी.एस. से बातचीत की गई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भुगतान संबंधी समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा। बताया गया कि संबंधित पक्षों ने वार्ता में सकारात्मक सहमति जताई। होली पर्व को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर भी चर्चा हुई। गैस एजेंसी के संचालकों को निर्देश दिया गया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की कमी या विलंब न हो, ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण पर भी गंभीर चर्चा की गई। विशेष रूप से अत्रि प्रखंड के टेंउसा बाजार में अतिक्रमण की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की गई। प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि 10 से 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा, ताकि यातायात और आम जनजीवन सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील है और सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।




## मध्य विद्यालय दखिनगांव में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु तीन दिवसीय कैंप संपन्न

**स्वास्थ्य विभाग के आशा कर्मियों द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को कराया जा रहा दवा का सेवन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय दखिनगांव में तीन दिवसीय फाईलेरिया उन्मूलन स्वास्थ्य कैंप की समाप्ति की गई एवं विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, रसोइया एवं शिक्षा सेवकों को फाइलेरिया की दवा डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। साथ ही फाइलेरिया बीमारी के विषय में जानकारी भी दी गई। वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आये पीरामल फाउंडेशन के मॉनिटर जय किशन ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। सरकार का लक्ष्य है कि हमारे देश में पूरी तरह फाईलेरिया मुक्त हो, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर, स्कूल-स्कूल विशेष अभियान चलाकर दवा खिलाई जा रही है। यह अभियान हरेक वर्ष सरकार द्वारा चलाई जाती है और घर घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाती है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के पीरामल फाउंडेशन के मॉनिटर जय किशन के साथ आशा फैसिलिटेटर सरिता सिन्हा, आशा संजू कुमारी, कुमारी सुशीला सिन्हा, कुमारी नूतन सिन्हा, मधु कुमारी, द्रौपदी कुमारी सहित विद्यालय के सभी बच्चे और शिक्षक मौजूद थे।

## टूर्नामेंट का खिताब बलियारी टीम को हराकर हुसैनगंज ने किया अपने नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के काज पंचायत अंतर्गत जगरनाथपुर स्थित न्यू आदर्श क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को बलियारी और हुसैनगंज के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिला। फाइनल मैच का मुकाबला में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हुसैनगंज की टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 122 रन बनाए। जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बलियारी की टीम 14 ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार हुसैनगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि के रूप में काज पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह एवं आमस पंचायत के सरपंच रामाधार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हुसैनगंज के खिलाड़ी को दिया गया जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब नागेंद्र कुमार को प्रदान किया गया। बेहतर प्रदर्शन के लिए मयंक कुमार को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को शील्ड प्रदान की। इस अवसर पर आमस जिला परिषद सदस्य बबलू पासवान, मंडा पंचायत समिति सदस्य राजेश पासवान, पकरी मुखिया विशुदेव मंडल, बवन पासवान, अध्यक्ष विक्रम कुमार, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सहयोगी लक्की कुमार, विशाल कुमार, संतोष कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# 'केरलम्' : सियासी फैसला

बीते एक दशक में चाहे नाम बदलना हो, कोई बड़ा पुरस्कार देना हो या फिर बड़ा प्रोजेक्ट देना हो, फैसले चुनावों को ध्यान में रखकर ही किए जाते हैं। दक्षिणी राज्य केरल का नाम बदलकर 'केरलम्' करने को मोदी सरकार की मंजूरी इसी प्रवृत्ति का नवीनतम उदाहरण है। वैचारिक रूप धुर विरोधी वामपंथी सरकार के नाम परिवर्तन प्रस्ताव को केन्द्र सरकार द्वारा दो साल बाद स्वीकृति देना जनभावना के आदर के साथ-साथ वोट बैंक को भी न्यौता है। यही नहीं सरकार द्वारा लुटियंस दिल्ली के वास्तुशिल्पकार लुटियंस की राष्ट्रपति भवन में लगी प्रतिमा हटाकर वहां देश के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय भी इसी सोच का प्रतीक है। सरकार ने लुटियंस की प्रतिमा को गुलामी का प्रतीक माना। हालांकि लुटियंस ने अपने साथी हरबर्ट बेकर के साथ अंग्रेजों की राजधानी दिल्ली को जो भव्य और वैभवशाली इमारते दीं, वो बेमिसाल हैं। भले ही कोई उन्हें उपनिवेशवाद का प्रतीक मानें। क्योंकि लुटियंस ने इन इमारतों के जरिए ब्रिटिश सत्ता की दंबगता को भी पारिभाषित किया था। जहां तक केरल की बात है तो आधुनिक केरल राज्य का इतिहास भाषाई आंदोलन से जुड़ा है। पहले अंग्रेजों के जमाने में यह मद्रास प्रेसीडेंसी और त्रावनकोर एवं कोचीन रियासत में बंटा था। लेकिन आजादी के बाद भाषावार प्रांत रचना आंदोलन के बाद मलयाली भाषी केरल राज्य 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया। लेकिन इसका आधिकारिक नाम केरल ही रखा गया। जबकि राज्य का मलयालम में नाम 'केरलम्' ही है। केरल उसका अंग्रेजी रूप है। यही चलन में आया। ऐसे में राज्य की पी विजयन सरकार ने जून 2024 में केरल विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कराया, जिसमें कहा गया था कि राज्य की जनता अपनी भाषा में इसे केरलम् ही कहती है। इसलिए राज्य सरकार चाहती है कि संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत जरूरी संशोधन करके सभी आधिकारिक दस्तावेजों, कानूनी रिकॉर्ड और अंतरराष्ट्रीय संधियों में केरल को केरलम कर दिया जाए। चूंकि केरल में अगले दो तीन माह में चुनाव होने हैं, इसलिए मोदी सरकार ने वामपंथी सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। भाजपा को उम्मीद है कि यह फैसला राज्य में उसके अपने वोट बैंक को बढ़ाने में भी मदद करेगा। हालांकि राज्य का नाम बदलने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत आती है और यह काफी लंबी है। केरल विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद अब केंद्र सरकार एक विशिष्ट विधेयक तैयार करेगी, जिसे केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक कहा जा सकता है। नाम बदलने की सिफारिश के पूर्व राष्ट्रपति इस विधेयक को केरल विधानसभा के पास उनके विचार जानने के लिए भेजेंगे। राष्ट्रपति की सिफारिश के बाद यह विधेयक लोकसभा या राज्यसभा में पेश किया जाएगा। इसे साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है। संसद के दोनो सदनों से विधेयक पारित होने के बाद, विधेयक को राष्ट्रपति के पास अंतिम सहमति के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही इसे भारत के गजट में अधिसूचित किया जाएगा। ध्यान देने की बात यह है कि केन्द्र सरकार ने पूर्व में पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर केवल बंगाल करने का ममता बैनर्जी का प्रस्ताव इस आधार पर ठुकरा दिया था कि इससे पड़ोसी बांग्लादेश और बंगाल को लेकर भ्रम होगा। जबकि बंगाल का तर्क वाजिब है कि जब पहले का पूर्व बंगाल अब बांग्लादेश बन चुका है तो भारतीय बंगाल को अब पश्चिम बंगाल कहने का क्या तुक है। लेकिन मोदी सरकार नाम बदलने का श्रेय ममता सरकार को नहीं लेने देना चाहती। संभव है कि यदि भविष्य में वहां भाजपा सरकार आए तो नाम बदला जाए। केरल भाजपा को यह खतरा दिखाई नहीं देता।

# योद्धा की भांति लड़ते शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**इस समय देश को अब हिन्दू धर्म, सनातन धर्म के भी संक्रमण काल को समझने का अवसर मिला है। इस देश की प्राच्य प्रतिष्ठा और शंकराचार्यों की उपस्थिति में भारत के वैभव को बचाने की जरूरत शायद धुंधली पड़ती जा रही है। यदि राजनीति की बलि धर्म व धर्माचार्यों को चढ़ाने की कोशिशें हुईं तो यह देश कदापि अपने मूलस्वरूप में नहीं बचेगा। भारत केवल राजनीतिक देश नहीं है। यह एक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक देश भी है। यह शाश्वत चिंतनशील देश है। यह चिंतन भारतीय ऋषि परंपराओं में विद्यमान रहा है। लेकिन शंकराचार्य ले इस केस को समझते हुए पता नहीं क्यों ऐसा लगने लगा है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे बहुत बड़ी साजिश है। कोई धर्माचार्य है वह इसलिए कुमार्गी नहीं होगा, यह नहीं कहा जा सकता लेकिन यदि गंगा स्नान के समय जिस दिन शंकराचार्य पूरी मीडिया के सामने संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं। वह पूरे समय अनशन पर होते हैं।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**



शंकराचार्य का सत्य खोजने की पूरी कोशिश पूरे भारत में हो रही है। आरोप यह है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दो नाबालिग बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न किया। सबसे अहम बात यह है कि इसे कोर्ट के माध्यम से पंजीकृत किया गया और जांच भी शुरू हो गई। भारत में यह एक बड़ा लांछन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगाने की कोशिश आशुतोष पाण्डेय ने किया जिन्हें आशुतोष ब्रह्मचारी के नाम से प्रसिद्धि मिली है। यदि इस देश में संतों, संन्यासियों और धर्माचार्यों के मध्य इस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं तो इस देश का बहुत पतित सा दिन दस्तक दे चुका है, यह तो तय है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्पष्ट किया कि उन बच्चों को मैं जानता नहीं, कभी देखा नहीं, कभी मिला नहीं और न वे हमारे गुरुकुल से कोई संबंध रखते हैं। यदि यह सही है तो इस प्रकार के षड्यंत्र के पीछे किसका दिमाग है यह समझना जरूरी है। भारत सरकार जो देश की इमेज बनाने हेतु वर्षों सघन प्रयत्न करती है, उसी देश में हमारे सनातन सभ्यता को मात देने के सफल प्रयास हो रहे हैं, यह चिंताजनक है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की एक बात सबसे अच्छी यह लगी कि वे इतने दबाव के बीच मीडिया के हर सवालों का ज़वाब देते रहे। उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्रवाइयों का स्वागत किया। यह कहा कि कोर्ट को शीघ्र सुनवाई करनी चाहिए। दोषी होने या दोषमुक्त होने में ताकि ज्यादा समय न लगे। वह एक योद्धा की भांति संघर्ष कर रहे हैं और गाय, गंगा व गरिमा के लिए अपनी आवाज़ को बुलंद किए हुए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जितनी बेबाकी से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उत्तर दिया वह प्रशंसकों के बीच पॉपुलर हो रहा है। भारत की भोली-भाली जनता भले षड्यंत्रकारियों को बेवकूफ लगे लेकिन यह सच है कि जनता सब जानती है। वह गलत भी जानती है और सही भी जानती है। सीडी का दबाव बनाकर शंकराचार्य को दबाने की पुरजोर कोशिश ने भारतीय मानस में यह संदेश दिया है कि इस देश में कुछ भी हो सकता है। किसी के भी खिलाफ माहौल बनाया जा सकता है। उसके दोष तो सिद्ध हों या न हों लेकिन बदनामी से तो व्यक्ति या कोई धर्माचार्य बच ही नहीं सकता है। इस बार अब कोर्ट की भी इस केस में परीक्षा होने वाली है कि उसके भीतर पूर्वाग्रह हैं या नहीं। कोर्ट निरपेक्ष है कि नहीं। कोर्ट में भी न्याय है कि नहीं। यदि दोष सिद्ध नहीं हुए तो वह षड्यंत्रकारियों के खिलाफ क्या एक्शन ले रही है, इन सबका मूल्यांकन होने वाला है।

इस समय देश को अब हिन्दू धर्म, सनातन धर्म के भी संक्रमण काल को समझने का अवसर मिला है। इस देश की प्राच्य प्रतिष्ठा और शंकराचार्यों की उपस्थिति में भारत के वैभव को बचाने की ज़रूरत शायद धुँधली पड़ती जा रही है। यदि राजनीति की बलि धर्म व धर्माचार्यों को चढ़ाने की कोशिशें हुईं तो यह देश कदापि अपने मूलस्वरूप में नहीं बचेगा। भारत केवल राजनीतिक देश नहीं है। यह एक आध्यात्मिक व सांस्कृतिक देश भी है। यह शाश्वत चिंतनशील देश है। यह चिंतन भारतीय ऋषि परंपराओं में विद्यमान रहा है। लेकिन शंकराचार्य ले इस केस को समझते हुए पता नहीं क्यों ऐसा लगने लगा है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे बहुत बड़ी साजिश है। कोई धर्माचार्य है वह इसलिए कुमार्गी नहीं होगा, यह नहीं कहा जा सकता लेकिन यदि गंगा स्नान के समय जिस दिन शंकराचार्य पूरी मीडिया के सामने संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं। वह पूरे समय अनशन पर होते हैं। उसी दौरान दो ब्राह्मण बटुकों के यौन उत्पीड़न की पटकथा काफी संशय पैदा करती है। सोचने वाली बात तो यह है कि उस दौरान विकृत मानसिकता वाले भी व्यक्ति होगा तो वह उस हालात में कभी यौन हिंसा नहीं कर सकेगा। फिर शंकराचार्य जो कि साहित्य, संस्कृति, संस्कार और अपनी विरासत के लिए जीते रहे हैं लय उनकी मानसिकता को इतना विकृत कहा जा रहा है, वह व्यवहारिक रूप से भारत की जनता स्वीकार नहीं पा रही है।

अब इस बीच मीडिया ट्रायल ने भी हद कर दिया है। देश के सभी चैनल यह कोशिश कर रहे हैं कि शंकराचार्य उनके प्रश्नों का जवाब दें। शंकराचार्य कुछ ऐसा बोलें जिससे टीआरपी उनकी अच्छी हो जाये। यह मीडिया सच में कभी कभी असंवेदनशील ही लगती है। कोरोना के समय में मीडिया ने बहुत से लोगों के बीच इतना संशय पैदा किया कि बहुत से लोगों ने अपनी जान गंवा दी। अब मीडिया सेंसेशन जो शंकराचार्य जी के केस को लेकर देखने को मिल रहा है उससे यह पता च्लॉट है कि टीआरपी भूखी मीडिया का अपना कोई स्तर बचा ही नहीं है। झूठ, कुछ झूठ-कुछ सच, पूरा सफेद झूठ, अर्ध सत्य और पूरी तरह से शंकराचार्य के विरोध में क्या से क्या परोसा जा रहा है, यह तो केस के अंतिम आकार पाने पर ही तय होगा लेकिन यह इतने बेशर्म मीडिया तंत्र का स्ट्रक्चर है जिसे कभी अफसोस नहीं होता और न ही इन्हें शर्म आती है।

माने या न माने देश की आज की बौद्धिकता, उसकी मौलिकता और उसके चिंतन को ऐसी घटनाएं सीधे चुनौती देती हैं और इसमें वे सभी शामिल होते हैं जो बहुत सफाई से निकल जाते हैं। जो बहुत ही सफाई से अपने अच्छे मुखौटे के साथ देश में बने रहते हैं। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य खंगालने पर कई प्रकरण दिमाग चकरा देते हैं कि वास्तव में जो इतने यश के साथ हमारे समक्ष खड़े हैं वे तो कुछ और ही कर रहे थे। आज़ का दौर इस बात के मूल्यांकन की मांग कर रहा है कि हम अपने भारत को बचा लें। अपनी विरासत को गंदे विमर्शों में जाने से बचाएं। अपने देश की प्रतिष्ठा को धूलधूसरित करने वालों की पहचान करें और सत्य का उद्घाटन करने से न बचें।

अपने समय के साथ अपनी उपस्थिति बनाना गलत नहीं होता। इतने वर्षों से अपनी साभ्यतिक लड़ाई लड़ने के लिए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जाने जाते हैं। यदि आज उन पर इस तरह का किस्सा गढ़ा जा रहा है और उस पर देश में चटकारे लेकर चर्चाएं हो रही हैं तो लोग यह समझते हैं कि शंकराचार्य के मुखर होने के कारण यह सब हो रहा है। गंगा, गाय और मांस निर्यात के खिलाफ ऐसे हज़ारों वक्तव्य शंकराचार्य को अपनी अलग मुखर आवाज के साथ प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में भले ही यह लगे कि शंकराचार्य दोषी हैं तो तो इस पर विश्वास कोई करने को मानसिक रूप से तैयार भी नहीं है। अब शंकराचार्य की एकजुटता भी इस समय एक नए विमर्श को जन्म देने जा रही है।

अध्यात्म

## जैसा करोगे वैसा भरोगे

एक समय की बात है, एक संपन्न व्यापारी रामलाल अपनी दुकान चलाता था। उसके एक बेटे, रमेश, की परवरिश उसने बड़े प्यार से की। लेकिन जब रामलाल की मृत्यु हुई, रमेश ने दुकान संभाली। दुर्भाग्यवश, वह भोला-भाला था और लोग उसका फायदा उठाते रहे। धीरे-धीरे उसका माल खत्म होता गया, सिर्फ एक पुराना तराजू बचा, जो उसके पिता की यादगार थी। आर्थिक तंगी से जूझते हुए रमेश ने सोचा, 'मुझे शहर जाकर कुछ कमाना होगा।' उसने तराजू को गिरवी रखने का फैसला किया। वह सेठ हरदयाल के पास गया और बोला, 'सेठ जी, मुझे कुछ पैसे चाहिए, यह तराजू रख लीजिए।' सेठ ने पैसे दिए, और रमेश शहर की ओर चल पड़ा। कई साल बाद रमेश मेहनत से धनवान बन गया। गाँव लौटकर वह सेठ के पास पहुँचा और बोला, 'सेठ जी, मेरा तराजू लौटा दीजिए।' सेठ ने टालमटोल की और कहा, 'अरे, वह तो चूहों ने खा लिया!' रमेश का दिल दुखा, क्योंकि वह तराजू उसके पिता की निशानी थी। मन में ठान लिया, 'अब सेठ को उसकी ही जुबान में जवाब दूँगा।' कुछ दिन बाद रमेश गंगा स्नान के लिए जा रहा था। सेठ से मिलकर उसने कहा, 'हरदयाल जी, क्या आपका बेटा मेरे साथ स्नान के लिए आ सकता है? उसे भी आध्यात्मिक शांति मिलेगी।' सेठ ने खुशी-खुशी अपने बेटे गोविंद को भेज दिया। रमेश ने गोविंद को एक कोठरी में बंद कर दिया और अकेले वापस आ गया। सेठ ने घबराकर पूछा, 'रमेश, मेरा बेटा कहाँ है?' रमेश ने शांत स्वर में कहा, 'सेठ जी, चील उसे ले गई!' सेठ चिल्लाया, 'यह क्या बकवास है? एक चील मेरे बेटे को कैसे ले जा सकती है?' रमेश मुस्कुराया, 'जिस तरह एक चूहा तराजू खा सकता है, उसी तरह चील भी आपका बेटा ले जा सकती है।' यह बात गाँव में फैल गई और राजा तक पहुँची। राजा हँसते हुए बोले, 'यह तो सही जवाब है! सेठ, तूने रमेश के साथ गलत किया। तराजू लौटा दे, ताकि उसका बेटा वापस आए।' सेठ को मजबूरी में तराजू लौटाना पड़ा। रमेश ने गोविंद को छोड़ दिया और सेठ से कहा, 'सेठ जी, सच का रास्ता ही सही है।' सेठ ने माफी माँगी और बोला, 'रमेश, तूने मुझे अच्छा सबक सिखाया, मैं इसी काबिल था।' एक दिन रमेश ने गाँव के बच्चों को बुलाया और कहा, 'बच्चों, हमेशा ईमानदारी से काम करो, वरना जैसा करोगे वैसा भोगोगे।' बच्चे मुस्कुराए और बोले, 'भैया, हम ऐसा ही करेंगे!' जिंदगी में विनम्रता और विवेक से काम लो। गलत काम का जवाब सही तरीके से देना ही असली जीत है।

# क्या ट्रम्प होंगे अमेरिका के सबसे विवादित राष्ट्रपति?

**लगता है कि ट्रम्प को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमरीका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के सम्मान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमरीका में भी हो जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हाँ, ट्रम्प का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रम्प और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब क्या, कैसा कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति के नोबल पुरुस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे।**

**ऋतुपर्ण दवे**

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। लेकिन ट्रम्प को यह भी नागवार गुजरा जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमरीका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें तब तक के लिए होती है। अमरीकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रम्प के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे जिनसे ट्रम्प पूरे भरोसे में थे इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न ट्रम्प के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रम्प इस बार तो इतना कह गए यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती। वाकई ट्रम्प, ट्रम्प ही हैं और वो अमरीका के राष्ट्रपति कम कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में नजर आने लगते हैं।

दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रम्प के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रम्प टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमरीका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रम्प ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिया, भारत भी अछूता नहीं रहा।

फैसला आते ही कुछ देर में ट्रम्प ने प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रम्प के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप



द्वारा नियुक्त वो जज थे जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है, कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रम्प की साख गिरी है न कि अमरीकी सुप्रीम अदालत की।

मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आइईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमरीकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं।

निश्चित रूप से ट्रम्प की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रम्प की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे तक कह दिया।

लगता है कि ट्रम्प को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमरीका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के सम्मान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमरीका में भी हो जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हाँ, ट्रम्प का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रम्प और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब क्या, कैसा कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति के नोबल पुरुस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बहरहाल ऐसे खिसियाए ट्रम्प को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे।

**वृषभ**

अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन**

दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। विचारशैली में नयापन आयेगा। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

**कर्क**

पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी।

**सिंह**

नया कार्य प्रारम्भ कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**कन्या**

पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बन्धी डील से आपको लाभ होगा।

**तुला**

अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे, शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों।

**धनु**

नौकरी में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।

**मकर**

दाम्पत्य सम्बन्धों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र की आन्तरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नये उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**मीन**

आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धनलाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया होली मिलन समारोह

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को पड़ावपर स्थित भाजपा कार्यकताओं और पूर्व विधायक श्रीकांत निराला की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मनेर विधानसभा क्षेत्र के बिहटा-मनेर के काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक ने सभी कार्यकताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इसके अलावा पूर्व



विधायक ने कार्यकताओं को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह को मनाया। पूर्व विधायक ने मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाईचारे और सौहार्द के रूप में होली पर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे को कायम करती है। इसके अलावा पूर्व विधायक और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने होली की फागुन गीत को गाया। कार्यक्रम के पूर्व पूर्व विधायक ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय राम नगीना सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष शंकर यादव, युवा नेता प्रशांत निराला, समाजसेवी अशोक गोप, राजकुमार शर्मा, नागेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, महेंद्र मुखिया, मैनेजर राय, अजय यादव, आनंद यादव, त्रिलोक सिंह, यमुना सिंह, सुनील स्वर्णकार, विनोद कुमार, नवनीत कुमार, मनोज गुप्ता, उदय शंकर गुप्ता सहित कई लोग थे।

### आरक्षण बाल प्रतियोगिता निकेतन में धूमधाम से मनाई गई होली

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आरक्षण बाल प्रतियोगिता निकेतन में इस वर्ष होली मिलन का पर्व




अत्यंत उल्लास, अनुशासन और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रिंसिपल एस. के. वर्मा एवं निदेशक चंदन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत होलिका दहन कर की गई।होलिका दहन के माध्यम से बच्चों को बुराई पर अच्छाई की विजय, सामाजिक समरसता और संस्कारों का संदेश दिया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर रंग, अबीर और गुलाल से सराबोर हो उठा। शिक्षक, प्रिंसिपल और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का परिचय दिया।इस अवसर पर हॉस्टल में घर जैसा स्वादिष्ट एवं पारंपरिक भोजन तैयार किया गया।प्रिंसिपल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। वहीं चंदन ने विद्यार्थियों को सुरक्षित, संयमित और मर्यादित ढंग से त्योहार मनाने की प्रेरणा दी।

### रंग के बहाने महिलाओं के साथ न करें दुर्व्यवहार : मुखिया सविता

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली आपसी सौहार्द भाईचारे और खुशियों का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। ऐसे में कई जगह पर होली पर्व में रंग लगाने के दौरान कई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की भी खबरें मिलती है जिसको लेकर इस बार धनरूआ प्रखंड के सांडा पंचायतवासियों से मुखिया सविता कुमारी ने अपील की है की होली का आयोजन मयार्दा, सम्मान और सुरक्षा के साथ किया जाए। होली की आड़ में किसी भी महिला, किशोरी अथवा बच्ची के साथ जबरदस्ती रंग लगाना, छेड़छाड़ करना, अश्लील टिप्पणी करना, गाली-गलौज करना, भद्दे मजाक किया जाएगा तो उसको लेकर हम लोग इस पर कार्रवाई करेंगे। रंग केवल सहमति के साथ लगाए जाएँ।किसी के "ना" कहने का सम्मान किया जाए।महिलाओं और बालिकाओं की गरिमा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।होली पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में मनाया जाए।यह भी सूचित किया जाता है कि होली के दौरान महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की स्थिति में पंचायत द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध कदम उठाए जाएँगे।

# मसौढी नप में 4 करोड़ 83 लाख रुपये के लाभ का बजट पेश





#### 2026-27 में कुल अनुमानित आय 138 करोड़ 67 लाख
#### ■ अनुमानित व्यय 133 करोड़ 84 लाख रुपये उपबंध

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद्, मसौढ़ी के सभागार में मुख्य पार्षद पिंकी देवी की अध्यक्षता में सामान्य बोर्ड के बजट की विशेष बैठक आहूत की गई। जिसमे सभी वार्ड पार्षदों ने बजट को सर्व सम्मति से अनुमोदन किया, बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन द्वारा किया गया, साथ में प्रभारी प्रधान सहायक शिव प्रकाश के साथ मुनिसिपल फिनांस एक्स्पर्ट तनवीर आलम उपस्थित थे। नगर परिषद्, मसौढ़ी के वित्तीय वर्ष-2026-27 का कुल अनुमानित आय 138 करोड़ 67 लाख रुपये है तथा कुल अनुमानित व्यय 133 करोड़ 84 लाख रुपये उपबंध किया गया है. इस प्रकार 4 करोड़ 83 लाख रुपये का कुल अनुमानित लाभ का बजट है। जिसमे मुख्यमंत्री के नगर निकाय से सम्बंधित महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी इस बजट में ध्यान रखा गया है। जिसमे केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार से करीब 91 करोड़ 56 लाख रुपये प्राप्ति का अनुमान है। आगामी चालू वित्तीय वर्ष के लिए सम्पत्ति कर की वसूली का लक्ष्य 1 करोड़ 50 लाख रुपया रखा गया है।विभिन्न योजनाओं पर कुल अनुमानित खर्च 100 करोड़ रुपये का व्यय किया जाने का अनुमान है जिसमे नगर पालिका के नए भूमि क्रय हेतु 7 करोड़, मार्केट काम्प्लेक्स 3 करोड़ सामुदायिक भवन 4 करोड़, शवदाहगृह 1 करोड़ शहरी गरीबो के लिए, वेंडर जोन लगभग 2 करोड़, पुस्तकालय 50 लाख, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 20 करोड़, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली योजना हेतु 07 करोड़, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रम हेतु 5 करोड़ रुपए खर्च करने का उपबंध किया गया है।

## मनेर नप में 13 करोड़ 48,67,691 रुपए लाभ का बजट पारित

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद् सभा कक्ष में मुख्य पार्षद विद्याधर विनोद की अध्यक्षता में बोर्ड के बजट की विशेष बैठक आहूत की गई। कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन द्वारा संचालित बैठक में उप मुख्य पार्षद शंकर कुमार सहित सभी पार्षदों के द्वारा 13 करोड़ 48,67,691 रुपए लाभ का बजट सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।नगर परिषद् मनेर के वित्तीय वर्ष झ 2026-27 का कुल अनुमानित प्राप्ति 92 करोड़ 82 लाख रुपये है एवं कुल 79 करोड़ 33 लाख अनुमानित व्यय का उपबंध किया गया है। इस प्रकार कुल अनुमानित अवशेष राशि 13 करोड़ 49 लाख रहने का अनुमान है क मुख्यमंत्री के नगर निकाय से सम्बंधित महत्वाकांक्षी योजनाओ को भी इस बजट में ध्यान रखा गया है।

**जिसमे मुख्य बिंदु निम्नलिखित है –**

केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार से करीब 74 करोड़ 79 लाख रुपये प्राप्ति का अनुमान है। आगामी चालू वित्तीय वर्ष के लिए सम्पत्ति कर की वसूली का लक्ष्य 27 लाख रुपया रखा गया है। विभिन्न योजनाओं पर कुल अनुमानित खर्च 47 करोड़ 65 लाख रुपये का व्यय किया जाने का अनुमान है।नगर पालिका के नए लैंड फिल साईट जमीन भूमि क्रय हेतु 1 करोड़ ,मार्केट काम्प्लेक्स 50 लाख ,सामुदायिक भवन 1 करोड़ , शवदाह गृह सहित मोक्षधाम 50 लाख , शहरी गरीबो के लिए बहुमंजिला आवासन 2 करोड़, वेंडर जोन 2 करोड़, रोड एवं नाला निर्माण हेतु 16 करोड़, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली योजना हेतु 2 करोड़ 70 लाख, पब्लिक लाइट हेतु 5 करोड़, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु 2 करोड़ 50 लाख, डस्ट बिन क्रय हेतु 1 करोड़, ओपेन जिम हेतु 1 करोड़ रुपए खर्च करने का उपबंध किया गया है।सब के लिए आवास योजना पर 8 करोड़ , नगर सौंदर्यीकरण कार्यकम पर 35 लाख रुपये की अनुमानित राशि खर्च करने का उपबंध बजट में है।शहरी गरीबो के लिए आधारभूत सेवाओं पर उपलब्ध राशि का 29.42 % अर्थात 27 करोड़ 31 लाख लगभग रुपया खर्च करने का उपबंध किया गया है। बैठक में पार्षद तौसीफ खान, संजू देवी, अखिलेश यादव, अंजू देवी, सोना देवी, भूपेंद्र कुमार, अनिता देवी, बैजनाथ कुमार, चंदा देवी, मीरा देवी, नगर प्रबंधक पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार,प्रधान सहायक सह रोकड़ पाल, मुकेश कुमार, समेत सभी पार्षद मौजूद थे।




## बेकाबू ऑटो ने मारी टक्कर, दो लोग हुए जख्मी

#### बचाने गए स्थानीय लोगों पर ऑटो ड्राइवर के दोस्तों ने की फायरिंग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी कादरीगंज मार्ग के भैसवां में शनिवार की सुबह तकरीबन 9:00 बजे उसे वक्त सड़क पर टायर जलाकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घंटों बवाल मचाया जब एक बेकाबू ऑटो ने एक बिजली पोल में जोरदार टक्कर मार दिए जिसमें ऑटो पर सवार एक डेवां गांव की रहने वाली 25 वर्षीय लड़की और एक व्यक्ति जख्मी हो गया, जख्मी लोगों को स्थानीय निजी नर्सिंग होम में इलाज कराया गया, वहीं ऑटो ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने पकड़ा और उसे डांट फटकार लगाई, ऐसे में ऑटो ड्राइवर गुस्से में लाल होकर वहां से भाग गया और अपने फिर 6-7 की संख्या में हरवे हथियार के साथ भैसवां पहुंचा और एक लड़के को दबोच लिया और उसे साथ में ले जाने लगे जिसको देख स्थानीय लोगों ने खदेडा।इस दौरान तीन राउंड फायरिंग की जिससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जलाते हुए घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क को जाम कर दिया।जिससे घंटों यातायात बाधित रही, मौके पर मसौढी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और एक खोखे को जप्त किया है, स्थानीय लोगों ने कहा कि यह ऑटो ड्राइवर पहले तो पिलर में ठोकर मार दिया और कई लोग जख्मी कर दिया जिसे बचाने के लिए स्थानीय लोग गए थे उन्ही लोगों से उलझ गया है और फिर अपने हरवे हथियार के साथ साथियों के साथ आकर यहां पर फायरिंग करके दहशत मचाने का प्रयास कर रहा है मौके पर कई थानों के पुलिस पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझो जाकर सड़क जाम हटवाने में जुटी रही। मसौढी पुलिस ने आश्वस्त किया कि जल्द ही उन सबों को पकडा जायेगा, इस पूरे मामले में अभिनव कुमार उर्फ दीपक उम्र 30 वर्ष ने अज्ञात टेंपो चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर 2 घंटों तक किया सड़क जाम**

## कृषि अनुसंधान परिसर में 'कृषि यांत्रीकरण एवं फसल अवशेष प्रबंधन' पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग द्वारा आत्मा, लखीसराय के प्रायोजन से आयोजित 'कृषि यंत्रीकरण एवं फसल अवशेष प्रबंधन' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 28 फरवरी 2026 को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के लखीसराय जिले से कुल 22 किसान प्रतिभागी भाग लिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में निदेशक डॉ. अनुप दास ने उत्पादन लागत कम करने, कृषि कार्यों की समयबद्धता बढ़ाने तथा पर्यावरणीय क्षरण को कम करने के लिए छोटे कृषि औजारों एवं प्रभावी फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि श्री जे. पी. नारायण ने बिहार में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, कस्टम हायरिंग केंद्रों को सुदृढ़ करने तथा फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों को अपनाकर सतत कृषि एवं किसानों की आय बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने अपने वक्तव्य में कहा कि कृषि यंत्रीकरण और फसल अवशेष प्रबंधन कृषि कार्यक्षमता बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सतत कृषि विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

## संवेदनशील होलिका दहन स्थलों का एसडीओ एवं एसडीपीओ ने किया निरीक्षण, फ्लैग मार्च निकाला

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पालीगंज अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार तथा पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-1) राजीव चंद्र सिंह ने सिगोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरगंज में संवेदनशील होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों एवं सभी पक्षों के साथ संवाद कर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से होलिका दहन संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ एवं एसडीपीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न चिन्हित संवेदनशील होलिका दहन स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्कता बरतने, विधि-व्यवस्था पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर फ्लैग मार्च भी किया गया, ताकि आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे। एसडीओ एवं एसडीपीओ ने शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होलिका दहन एवं होली पर्व मनाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुनपुन में लगा रोजगार मेला : मंत्री श्रवण कुमार ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपकर बढ़ाया उत्साह

#### 987 युवक-युवतियों ने किया आवेदन, 167 अभ्यर्थियों को मिला आफर लेटर





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड स्थित शहीद रामानंद रामगोविंद सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों युवक-युवतियों एवं जीविका दीदियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।इस रोजगार मेले में कुल 18 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार की तलाश में आए कुल 987 युवक-युवतियों ने आवेदन पत्र जमा किए, जिनमें से प्राथमिक स्तर पर 167 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में एचसीएल,ब्लिंकिट, पेटीएम, गार्डियन सिक्योरिटी, टीसीआई सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियाँ शामिल रहीं। कुछ युवाओं को 2 लाख 50 हजार तक का सालाना पैकेज प्राप्त हुआ है, जिसका नियुक्ति पत्र मंत्री जी के द्वारा दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने उपस्थित जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत पांच चरणों में मिलने वाली सहायता राशि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। जीविका के माध्यम से महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी सशक्त भूमिका निभा रही हैं। वहीं रोजगार मेले में शामिल सभी युवक-युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार पूर्व मंत्री- सह- विधायक फुलवारी शरीफ श्याम रजक,विधान परिषद सदस्य रविंद्र प्रसाद, प्रखंड स्तरीय अधिकारीगण, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) मुकेश कुमार सासमल, जॉब मैनेजर अरुण कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनुरंजना कुमारी एवं अन्य जीविका कर्मी उपस्थित रहे।

## बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन










**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 28 फरवरी 2026 को बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के फ्री लिगल एड क्लिनिक की ओर से पार्षद कार्यालय, समनपुरा के प्रांगण में एक निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में वार्ड पार्षद श्रीमती दीपा रानी खान का विशेष सहयोग रहा। शिविर में बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के निदेशक, अरुण श्रीवास्तव, प्राचार्य एवम विभागाध्यक्ष डॉ. फरहत जावीन तथा लीगल एड क्लिनिक के समस्त सदस्य एवं अन्य व्याख्याता एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में इस शिविर में पहुंच कर अपने विधिक समस्याओं पर सलाह प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को विधिक जागरूकता प्रदान करना तथा निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना था।

## अब पटना में विश्वस्तरीय नेत्र सर्जरी: दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल में अत्याधुनिक यूनिटी मशीन की शुरूआत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजधानी पटना में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में तकनीक का नया सूर्योदय हुआ है। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड ने मरीजों को ओर बेहतर, सुरक्षित व सटीक उपचार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अमेरिका की अग्रणी कंपनी ।सबवद द्वारा निर्मित यूनिटी वीसीएस-वीएलटी मशीन की स्थापना की है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह भारत की दूसरी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली ऐसी मशीन है, जो जांच और शल्यक्रिया दोनों को अत्यंत उन्नत स्तर पर ले जाती है। डॉ. बंदना तिवारी एवं डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मशीन से मोतियाबिंद की शल्यक्रिया सूक्ष्मतम तकनीक के साथ की जा सकेगी, जिससे मरीजों को अधिक सुरक्षा और शीघ्र स्वास्थय लाभ मिलेगा। इसके साथ ही रेटिना की जटिल शल्यक्रियाएं भी अधिक प्रभावी ढंग से संभव होंगी। मशीनकी कार्यगति प्रति मिनट 30 हजार कट तक है, जिससे ऑपरेशन कम समय में उच्च सटीकता के साथ पूरा किया जा सकेगा। इसमें उन्नत लेजर सुविधा भी उपलब्ध है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई तकनीक के आने से अब पटना के मरीजों को विश्वस्तरीय नेत्र उपचार के लिए बड़े महानगरों का रूख नहीं करना पड़ेगा।



यह पहल राजधानी को आधुनिक चिकित्सा मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम है।

## पंचायत समिति की बैठक में खाद, बिजली, आंगनबाड़ी, डीलरों द्वारा कम अनाज देने का छाया रहा मुद्दा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड मुख्यालय के शहीद संजय सिन्हा सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख सद्दाम हुसैन की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, इस मौके पर उप प्रमुख पंकज कुमार उर्फ मिल्टन, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती सीडीपीओ अनिता कुमारी, पीएससी प्रभारी डॉ रामानुज समेत समेत सभी विभागों के पदाधिकारी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया उपस्थित रहे, बैठक में किसानों को हो रही खाद की समस्या एवं ऊंचे दाम पर मिल रहे खाद, किसानों को कृषि फीडर ट्रांसफार्मर लगाने की समस्या, आंगनबाड़ी केंद्र,डीलरों के द्वारा कम अनाज देने, समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, इसके अलावा कई सदस्यों ने पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को जांच करने की मांग की है ,प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बारी बारी से सभी पंचायत समिति सदस्यों की समस्याओं से रू ब रू होते हुए सबों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सबों की जो भी समस्याएं हैं मांग है उन सबों पर अनुपालन की जाएगी, कार्रवाई की जाएगी, वहीं कृषि पदाधिकारी ने भी किसानों को दुगने दाम पर मिल रहे खाद पर वैसे खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई करने की बात कही है, वही डीलरों द्वारा कम अनाज देने के बाद पर आपूर्ति पदाधिकारी ने भी औचक निरीक्षण कर जांच करने का आश्वासन दिया है ।इसके अलावा डॉ रामानुज ने कभा की प्रखंड विकास पदाधिकारी के आपसी सामंजस्य से पंचायत स्तर पर शिविर जांच का आयोजन किया जाएगा इस मौके पर सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल रहे।

## विज्ञान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को विज्ञान दिवस के अवसर पर बीडीएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बीडीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विज्ञान प्रोजेक्ट के साथ बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। सब जूनियर सेक्शन में जल संरक्षण विषय पर प्रोजेक्ट के लिए चौथी कक्षा के रौनक कुमार प्रथम स्थान ने प्राप्त किया। वहीं पाँचवी कक्षा के सैजल को सौरमंडल प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। चौथी की ही रितिका और काव्या को अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए द्वितीय एवं तीसरी की सिमरन और सोनाली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।प्रतियोगिता के अन्य विषय रहे - विद्युत जनित्र , कार्बन फिल्टर ,ग्लोबल वार्मिंग , प्रकाश संश्लेषण और जल विद्युत के साथ-साथ अन्य विषय। इनमें सातवीं के शिवम व अजय को प्रथम, आयुष व अंशिका को द्वितीय स्थान तथा रौशनी,व रागिनी व यशराज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं दूसरी ओर दूषित जल शोधन संयंत्र , प्राकृतिक आपदा और प्लाज्मा कैनन विषयों पर आठवीं की छात्राओं क्रमशः नैन्सी , कृति व पूजा को तथा छात्र अनुराग को प्रतियोगिता में प्रथम घोषित किया गया। साथ ही आपदा सचेतक यंत्र के प्रदर्शन के लिए दसवीं के छात्र सूरज को। हाइड्रोलिक उत्तोलक कार्य प्रणाली के लिए पवन को तथा अग्नि नियंत्रण प्रणाली के लिए दीपांशु को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## मसौढ़ी में केसरवानी समाज के लोगों ने मनाया होली मिलन समारोह, महिलाओं ने जमकर लगाए ठुमके



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में गांव से लेकर शहर तक इन दोनों फगुआ ब्यार बह रही हैं ऐसे में आगामी 4 मार्च को रंगों का त्योहार होली है जिसकी खुमारी हर तरफ सर चढ़कर बोल रही हैं ऐसे में मसौढ़ी में केसरवानी समाज की महिलाओं ने धूमधाम से होली मिलन समारोह आयोजित कर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में अबीर-गुलाल, पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होली का जश्न मनाया गया। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द बढ़ाने और संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा लोगों ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाते हुए रंगों का त्योहार आपसी प्रेम के साथ मनाने की अपील की है।होली रंगों का त्यौहार है लेकिन इसमें आपसी भाईचारा दिखता है इसलिए हम सभी केसरवानी समाज के लोग मिलजुल कर होली मिलन समारोह करते हैं और रंग अबीर गुलाल लगाते हैं। केसरवानी समाज से जुड़ी महिलाओ लोगों ने कहा कि हम लोगों को वर्षो से इंतजार रहता है किस फगुआ में केशरवानी समाज की सभी महिला हर घर के हर एक परिवार की महिला एकजुट होती है और यही बहाने आपसी सौहार्द प्रेम एकता कायम करते हैं।समारोह में उपस्थित लोगों में पारस केसरी, विशाल केसरी केसरवानी वैश्य पंचायत महामंत्री, दिलीप केसरी, प्रदीप केसरी, मुन्ना केसरी, राजकुमार केसरी, सोनू केसरी, अमन केसरी, राहुल केसरी, अरुण केसरी, पप्पू केसरी, विष्णु केसरी, दीपक केसरी, अजीत केसरी, विकास केसरी, मनोज केसरी, चांदनी कुमारी आदि हजारों लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एकमा थाना में 688 लीटर शराब का हुआ विनष्टीकरण

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना परिसर में विभिन्न कांडों में जब्त की गई लगभग 687.93 लीटर अंग्रेजी शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। न्यायालय के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई मजिस्ट्रेट सह सीओ अमलेश कुमार की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस दौरान एकमा थाना क्षेत्र के अलग-अलग मामलों में जब्त विभिन्न ब्रांडों की शराब को चौकीदारों द्वारा गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने कहा कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत छात्र-छात्राओं ने जाना वैशाली का इतिहास

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठनपुरा के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण के लिए वैशाली का दौरा किया। इस दौरान बच्चों को वैशाली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व पुरातात्विक महत्व से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को प्राचीन गणतांत्रिक व्यवस्था, बौद्ध एवं जैन धर्म से संबंधित प्रसंगों तथा स्थानीय ऐतिहासिक संरचनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया और महत्वपूर्ण तथ्यों को नोट किया। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने कहा कि पाठ्यपुस्तक के बाहर निकलकर इतिहास को प्रत्यक्ष रूप से देखना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शंभूशरण सिंह, शिक्षक सत्यदेव महतो, मुकेश कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश, शिक्षिका ऋचा बाला, अनीता देवी, अनीता गिरि, मधु कुमारी, संध्या कुमारी, माला देवी सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद रहे।



### अमित को चनपटिया व पंकज को कुमारबाग की कमान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थानों में तैनात पांच पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया है। कुमारबाग, चनपटिया व गौनाहा थाना में नए थानाध्यक्ष की तैनाती की गई है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार को स्थानांतरित कर कुमारबाग थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि गौनाहा थानाध्यक्ष अमित कुमार को एसपी ने चनपटिया थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। वही, लौरिया थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार को स्थानांतरित कर गौनाहा थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसपी ने कुमारबाग थानाध्यक्ष राकेश कुमार व चनपटिया थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक को पुलिस लाइन में भेज दिया है। स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को शीघ्र ही नए जगह पर योगदान देने को कहा गया है। इस फेरबदल से जिले में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### संभावना स्कूल में बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी बधाइयां

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मौलाबाग स्थित 'शारदा स्मृति' संभावना पब्लिक स्कूल एवं शुभनारायण नगर मझौंवा स्थित "शांति स्मृति" संभावना आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को होली के त्योहार को लेकर बच्चों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र और प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने स्कूल के बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहां की होली हम सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। होली के मौके पर हमें कृत्रिम रंगों की जगह प्राकृतिक रंगों का उपयोग करना चाहिए। ताकि कृत्रिम रंगों से हमारे शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं हो। प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है, जिसमें हम वर्ग भेद और ऊंच-नीच भूलकर एक-दूसरे से गले मिलकर अबीर-गुलाल लगाते हैं। उन्होंने लोगों से सुरक्षित तरीके से होली मनाने की अपील की। मौके पर स्कूल के प्रांगण में एकजूट होकर छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।



### बाइक से गिरकर छपरा निवासी महिला जख्मी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव के समीप शनिवार की दोपहर चलती बाइक से गिरकर छपरा निवासी एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए तरारी पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला सारण (छपरा) जिले के टाउन थाना क्षेत्र के छपरा गांव निवासी हरेश साह की 30 वर्षीया पत्नी कविता देवी है। इधर, जख्मी महिला के भांजे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव उसके घर घूमने आई थी। शनिवार की दोपहर जब वह बाइक द्वारा अपनी मामी कविता देवी को उनके घर छपरा छोड़ने के लिए जा रहा था। उसी बीच बिहटा गांव के समीप वह असंतुलित होकर बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

### गृह भेदन मामले में फरार आरोपी छपरा से गिरफ्तार

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा थाना पुलिस द्वारा गृह भेदन मामले में दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी सारण (छपरा) जिले के मदौरा थाना क्षेत्र के बलहनपुर गांव स्थित उसके घर से शुक्रवार को की। गिरफ्तार आरोपी सारण (छपरा) जिले के मदौरा थाना क्षेत्र के बलहनपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद का पुत्र विजय कुमार है। वह अप्राथमिक अभियुक्त है। बता दें कि बीते 8 जनवरी वर्ष 24 की रात्रि थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ले में घर के कमरे में बैग में रखें पांच हजार रुपये नगद एवं दो मोबाइल चोरी कर ली गई थी।

## सुहसत सहदेव प्लस टू विद्यालय का 69वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**संदेश (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुहसत सहदेव प्लस टू विद्यालय का 69 वां स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक स्व. चंद्र कुमार सिंह और देव कुमार सिंह की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर और विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकाश पदाधिकार चंदन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दोनों पदाधिकारियों सहित गोरख सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह, वरुण सिंह, अभिषेक सिंह, रुद्रांश सिंह, स्वप्निल राज और महिला सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया, जिसकी शुरूआत छात्रों ने स्वागत गीत से किया। तत्पश्चात विद्यालय की इतिहास पर छात्रा लोपामुद्रा ने प्रकाश डाला। बच्चों ने नृत्य गीत के माध्यम से समाज की नई दिशा को इंगित किया। वही विज्ञान प्रदर्शनी कई छात्र-छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मैट्रिक की परीक्षा में स्कूल के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों भूमि दाता की ओर से मोमेंटो, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति-पत्र दिया गया, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समीर कुमार को चंद्रकुमार सिंह, द्वितीय गौतम कुमार को रीता देवी और तृतीय विष्णु कुमार को प्रवीण कुमार सिंह पुरस्कार दिया गया। वही मध्य विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आजाद, द्वितीय शहजाद अली और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विष्णु कुमार पुरस्कृत किया गया। मौके पर नंदनी कुमारी, रजनी, सुषमा कुमारी, स्वाति, सुनीता, अंजू कुमार, नीतू मोती, रेणु कुमारी, मुन्नी, पुष्पांजलि, ऊषा कुमारी, सोनम कुमारी, नीतू कुमारी, अजमेरी खातून, राजिया, सुरभि, आनंद कुमार आदि कई छात्र छात्रों ने भाग लिया। मंच संचालन विजेंद्र कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष मुकेश सिंह, ज्योति कुमारी, प्रकाश कुमार, अर्जुन, भारती आदि कई शिक्षक उपस्थित थे।

### शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार, दो बाइकें जब्त

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा थाना पुलिस द्वारा ट्रेन से शराब उतार रहे दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। वही एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 16.86 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। साथ ही उनके पास रहे दो बाइक को जब्त किया। गिरफ्तार कारोबारियों में नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ वार्ड नंबर-43 निवासी संतोष प्रसाद का पुत्र ऋषि कुमार, कन्हैया साह का पुत्र सोनू कुमार है। वही विधि विरुद्ध बालक भी उसी मुहल्ले का है। बताया जाता है कि नवादा थाना पुलिस को शुक्रवार की रात स्थानीय लोगों द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की जगदेव नगर ओवरब्रिज के पास ट्रेन का वैक्यूम कर कुछ कारोबारी शराब उतार कर ले जा रहे है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया एवं एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 16.86 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया एवं उनके पास रहे दो बाइक को जब्त कर लिया।

## गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के एलाईनमेंट के विरोध में समाहरणालय पर किसान संगठनों का धरना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय किसान महासभा, भाकपा (माले) तथा खेत-खेती-किसान बचाओ संघर्ष समिति, नौतन के नेतृत्व में गोरखपुर सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे के नाम पर कृषि भूमि अधिग्रहण के विरोध में जिला समाहर्ता कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य की मोदी-नीतीश सरकार विकास के नाम पर बहुफसली जमीन, गरीबों के घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व धार्मिक स्थलों को उजाड़ रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सह राष्ट्रीय पार्षद सुनील कुमार राव ने कहा कि नए एलाइनमेंट से नौतन प्रखंड के 25-30 किलोमीटर क्षेत्र के दर्जनों गांव प्रभावित होंगे और हजारों परिवारों का आशियाना व आजीविका छिन जाएगी। खेत-खेती-किसान बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, उपाध्यक्ष धनी लाल ठाकुर, सह सचिव डॉ. अरमान व कोषाध्यक्ष लाल बाबू प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों पर किसानों की भावनाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। शिवचंद्र राम ने बगहीं रतनपुर पंचायत के पुलवा टोला में बसे लोगों को उजाड़ने की कार्रवाई रोकने की मांग की। धरने में बिनोद यादव, फरहान राजा, सुरेंद्र चौधरी, ठाकुर साहब, जोखू चौधरी, वीरेंद्र पासवान, सुजायत अंसारी, मुजिबुल हक, सिंहासन ठाकुर, भरत शर्मा, लाल बाबू पासवान व असर्फी राम सहित कई लोग मौजूद रहे।




## नगर में होली मिलन समारोह की धूम, सौहार्द का संदेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को नगर में होली मिलन समारोह की धूम रही। इस अवसर पर नगर विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने विधायक को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रेणु देवी ने लोगों से होली को आपसी सौहार्द, भाईचारे और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं, इसलिए बिना किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाए, प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनानी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा के कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।वहीं नगर से सटे एक निजी विवाह भवन में बालमुकुंद सुपर टीएमटी की ओर से भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक उमाकांत सिंह ने किया। समारोह में कंपनी के जीएम राजीव कुमार, विघासागर सिंह,सुजीत कुमार, विनित गुप्ता, विमल गुप्ता, अजय गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रंग-गुलाल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच होली की खुशियां साझा की गईं।



### 22 साल से फरार लाल वारंटी गिरफ्तार

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा थाना पुलिस ने 22 साल से फरार एक लाल वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के नवादा बाजार स्थित उसके घर से शुक्रवार को की। गिरफ्तार लाल वारंटी नवादा थाना क्षेत्र के नवादा बाजार मोहल्ला निवासी रणधीर प्रसाद उर्फ मुला प्रसाद का पुत्र बिट्टू कुमार उर्फ जितेंद्र कुमार है। बताया जाता है कि वर्ष 2004 में नवादा थाना क्षेत्र में एक चोरी की घटना घटित हुई थी और उसके घर से चोरी गयी सामान की बरामद हुई थी।

## चिरैया पुलिस ने 4.5 किलो गांजा के साथ नेपाल के दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव स्थित नहर रोड में एक मोटरसाइकिल पर बिक्री के लिए ले जा रहे लगभग साढ़े चार किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर की पहचान नेपाल के मधेश प्रांत स्थित बारा जिले के सिमरौनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर वार्ड नंबर तीन निवासी दशरथ महतो कोइरी के पुत्र अवधेश कुमार कुशवाहा एवं राजू महतो कोईरी के पुत्र वीरा महतो कोईरी के रूप में हुई है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लाखों रूपए बताई जा रही है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही आवश्यक पूछताछ के बाद शनिवार को इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अब तस्करी के स्रोत और इसमें शामिल संभावित नेटवर्क की जांच कर रही है। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी को क्षेत्र में सूखे नशे के खिलाफ चल रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। छापेमारी दल में चिरैया थाना के सब इंस्पेक्टर उत्तम, गौतम कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान व अन्य शामिल थे।



### आर्केस्ट्रा पर छापेमारी, आठ नाबालिग लड़कियां रेस्क्यू

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता** थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराए जाने की शिकायत पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ नाबालिग लड़कियों को मुक्त किया है।मामले में एक आर्केस्ट्रा संचालक को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि मानव तस्करी की आशंका को लेकर एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाल संरक्षण एवं मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुक्ति फाउंडेशन नई दिल्ली एवं ग्राम नियोजन केंद्र मोतिहारी की ओर से विशेष जागरूकता व बचाव अभियान चलाया जा रहा था।इसी क्रम में कोटवा थाना क्षेत्र के कोटवा, दीपउ और बंगरा इलाके में आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराए जाने की सूचना मिली।

## दो दिवसीय कृषि यांत्रीकरण मेला सह प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कृषि कार्यालय परिसर में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकरण मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम वैभव श्रीवास्तव, जिप अध्यक्षा जयमित्रा देवी तथा जिला कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीएम वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास में आधुनिक तकनीकों और यंत्रों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, नवीन तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनकी उत्पादकता बढ़ाना है। जिला कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रकार के आधुनिक कृषि उपकरणों पर 50 से 80 प्रतिशत तक का अनुदान उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से समय के साथ आधुनिक मशीनों को अपनाने की अपील की। वहीं किसान सलाहकारों ने मंच से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्यान्वयन में कंडिका 6.1 के निदेर्शों के अनुसार टीम स्तर से कार्य कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर उप निदेशक कृषि अभियंत्रण दीपक कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण राधेश्याम, उप परियोजना निदेशक शमशेर आलम, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी, प्रावीना कुमारी, सुप्रिया रानी, दीपक कुमार, शरीफ अंसारी, प्रमोद रंजन, यशवंत सिंह, अनिरुद्ध कुमार, अजय कुमार सिंह, प्रशांत सिंह सहित अन्य कृषि विभाग कर्मी व सैकड़ों किसान मौजूद रहे।





## जेडीयू द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव बिहार टाइम्स संवाददाता। शहर के मोतिहारी रोड स्थित जदयू पार्टी कार्यालय के कपूर्री सभागार में शनिवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार पटेल ने की। समारोह में पहुंचे जदयू नेताओं व कार्यकताओं तथा गणमान्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक और लोकप्रिय गीतों पर लोग जमकर झूमे।

होली खेले रघुवीरा अवध में और रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे गीतों की धुन का कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ आनंद लिया। पूरे सभागार में रंग और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर होली से संबंधित पारंपरिक व्यंजनों का भी सभी ने लुत्फ उठाया। वहीं नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ने प्रखंड वासियों से आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। मौके पर सभापति पवन सर्राफ, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, विश्वनाथ पासवान, नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष कौशर रजा, बैजनाथ भगत, संदीप गुप्ता, विजय श्री गुप्ता, रोहित सिंह, प्रभु नारायण सिंह, विनय कुशवाहा, सुनील यादव, संदीप वर्मा, अभय गुप्ता, संजय मोदी, भोला बैठा, छठू कुशवाहा, ओमप्रकाश, मनीष, राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ होली पर्व मानने को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता सीओ द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ मोनिका आनंद ने कहा कि भाईचारे के साथ सदाबहार पूर्ण माहौल में होली पर्व को मानने की बात कही। इस दौरान किसी भी तरह के नशा पान से परहेज रखें । थानाध्यक्ष करण सिंह ने कहा कि होली के मौके पर डीजे बजाना प्रतिबंधित होगा । उन्होंने कहा कि शराब या किसी तरह के नशा पान नहीं करें। पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और हुड़दंग बाज पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।

## रक्सौल थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक, शांति व सौहार्द के संदेश

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर आज रक्सौल थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने की, जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में मनीष कुमार, मनीष आनंद, अभिषेक कुमार तथा शेखर राज विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से होली पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, अशांति या सामाजिक तनाव से बचने के लिए सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। शहर के वार्ड पार्षदों और समाजसेवियों ने भी अपने सुझाव रखे तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि होली पर्व रक्सौल में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।



## विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एस.बी. कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। समारोह में कॉलेज प्रशासन, प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पूरे परिसर में रंग, गुलाल और पारंपरिक गीत-संगीत की मधुर धुनों ने उत्सवी माहौल बना दिया।कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने होली गीत, समूह नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक फगुआ और भोजपुरी होली गीतों पर छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो मीना कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि होली रंगों का ही नहीं, बल्कि आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें और सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल होली मनाएं।समारोह के दौरान मिठाइयों एवं पारंपरिक व्यंजनों का भी वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया।अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे प्रेम और एकता के रंगों को जीवन में बनाए रखेंगे। होली मिलन समारोह ने कॉलेज परिवार के बीच आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने का कार्य किया।डॉ अरविंद कुमार,डॉ अभिनव आनंद,डॉ गुंजन कुमार,डॉ आदित्य कुमार आनन्द,डॉ मुन्ना कुमार,डॉ अशोक तिवारी,डॉ राधिका रमण,डॉ रीना देवी डॉ पंकज कुमार,रमेश राय, सुमीर शर्मा,अनिल, कृष्ण कुमार भास्कर ,डॉ राकेश चौधरी,डॉ अनंत कुमार डॉ अनामिका कुमारी मौजूद रहे।



**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में भी होली मिलन हुआ**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होलीसामाजिक समरसता का पर्व है।सभी शिक्षकों और कर्मचारियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।कुलसचिव प्रो राम कृष्ण ठाकुर,वित्त पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह,कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ राजू मोची, डॉ अनुज रजक,डॉ राकेश रंजन आदि थे।

## महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय आरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रधानाचार्य प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप पालित ने कहा कि भारत ने विज्ञान और तकनीक में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।**

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महंत महादेवानंद महिला महाविद्यालय आरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप पालित, प्रो राजीव कुमार, डॉ शिखा अवस्थी तथा डॉ निवेदिता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रोफेसर पालित ने कहा कि आज भारत परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष विज्ञान, चंद्रयान मंगलयान, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में सफलता हासिल किया है। हमारे वैज्ञानिक सीवी रमन, डॉ होमी जहांगीर भाभा, जगदीश चंद्र बसु, विक्रम साराभाई, एपीजे अब्दुल कलाम आदि अनेक वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया है। आधुनिक युग में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपना कर अनुसंधान की ओर अग्रसर होना चाहिए तभी प्राप्त ज्ञान की सार्थकता होगी एवं विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो राजीव कुमार ने कहा कि देश के महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव का सिद्धांत दिया गया जिस पर उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था। इसी स्मृति पर हम राष्ट्रीय वैज्ञानिक दिवस प्रतिवर्ष मानते हैं। भौतिक विभाग अध्यक्ष डॉ शिखा अवस्थी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व एवं रमन प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी। डॉ निवेदिता ने विज्ञान एवं गणित के परस्पर संबंध तथा उनके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रज्ञा कुमारी सिंह तथा अनामिका सिंह को लेख प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। संचालन प्रज्ञा कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ निवेदिता ने किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश प्रसाद, डॉ प्रेमेंद्र, डॉ प्रिया, डॉ सीमा, डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ सुधा, डॉ अमरेश, डॉ राजबाला भारती, डॉ स्नेहा शर्मा, डॉ तसनीम फातिमा, डॉ पूनम, डॉ कंचन, डॉ वेणु, डॉ आशा, डॉ अनामिका, राघवेंद्र नारायण, अमरजीत मिश्रा आदि उपस्थित थे।




CMYK

# हुड़दंग या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में होली पर्व के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से क्षेत्रवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी अधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थलों पर समय से उपस्थित रहकर सतर्कतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें। सभी थाना अध्यक्षों से विस्तृत वार्तालाप करते हुए संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने, नियमित गश्ती, फ्लैग मार्च एवं रात्रि गश्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास पर त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी रखने तथा भ्रामक सूचनाओं का तत्काल खंडन करने हेतु भी निर्देशित किया गया। जिजिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत को जर्जर एवं लटकते तारों की अविलंब मरम्मत कराने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पीएचइडी को पर्व के अवसर पर नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी रखने तथा पानी की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया गया, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने हेतु विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उत्पाद विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, दंडाधिकारी की उपस्थिति तथा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आपात स्थिति से निपटने हेतु अग्निशमन एवं स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारियों को अनुशासन, समन्वय एवं तत्परता के साथ कार्य करने, पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।

# भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व होली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद**। होली मिलन समारोह धूमधाम से शहर के प्रतिष्ठित राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद में मनाया गया। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और रंगों की छटा बिखरी रही। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक द्वारा महापुरुष राम लखन सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। लोक परंपरा से जुड़े चैत (चैता) गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को पारंपरिक रंग में रंग दिया। गाना-बजाना और हास्य-व्यंग्य से भरे कार्यक्रमों ने पूरे परिसर को आनंदमय बना दिया। विशेष आकर्षण के रूप में "फूलों की होली" का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्प वर्षा के बीच सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अबीर-गुलाल के साथ प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया गया। अतिथियों एवं उपस्थितजनों के लिए होली स्पेशल पंचमेवा, लड्डू, लस्सी एवं अन्य मिठाइयों की उत्तम व्यवस्था की गई थी। मंच संचालन डॉ. अरुण कुमार ने प्रभावशाली ढंग से किया।

प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। यह त्योहार हमें भेदभाव भूलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का संदेश देता है। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर शांति, सौहार्द और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

# बलार पंचायत में स्वच्छता कर्मियों को किट वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के बलार ग्राम पंचायत में स्वच्छता कर्मियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अरुण पासवान ने की, जबकि इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक वीणा कुमारी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुखिया अरुण पासवान ने स्वच्छता कर्मियों के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मी पंचायत के "स्वच्छता योद्धा" हैं, जिनके प्रयासों से ही गांव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना संभव हो पाता है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने दायित्वों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपील की। इस अवसर पर होली पर्व को लेकर स्वच्छता कर्मियों के साथ होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। समारोह में आपसी सौहार्द, भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुखिया ने सभी कर्मियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## आरोपित के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद/नबिटा ब्यूरो**। झारखंड राज्य के धनबाद जिला अंतर्गत बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 228/2०24 एवं 236/2०24 के अप्राथमिकी अभियुक्त रति रंजन कुमार सिह उर्फ राजू उर्फ रति सिह उर्फ रति रंजन के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके आवास पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई धनबाद जिला अंतर्गत बरवाअड्डा थाना के एएसआई रंजीत साह गोंड द्वारा औरंगाबाद नगर थाना के सहयोग से विधिवत की गई है। एएसआई रंजीत साह गोंड ने बताया कि बरवाअड्डा थाना कांड संख्या-228/2०24 एवं 236/2०24 की धारा 3०3(2) बीएनएस के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्त रति रंजन कुमार सिह को नामजद किया गया है। उस पर वाहन और बोलेरो चोरी में संलिप्त होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा है और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहा था। वह नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर रोड स्थित ठाकुरबाड़ी मुहल्ला का निवासी है और सुरेश सिह का पुत्र है। वह अपने क्षेत्र में विभिन्न नामों रति रंजन कुमार सिह, रति सिह एवं राजू से जाना जाता है। वह नाम बदलकर चोरी की घटना को अंजाम देता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए धनबाद न्यायालय से 9 फरवरी 2०26 को अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में बरवाअड्डा थाना के एएसआई रंजीत साह गोंड के नेतृत्व में पुलिस टीम औरंगाबाद पहुंची। वहां नगर थाना की टीम के सहयोग से शनिवार को अभियुक्त के घर पर विधिवत कार्रवाई की गई। न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को अभियुक्त के घर के मुख्य दरवाजे पर चिपकाकर तामील किया गया।

# सुलह-समझौता योग्य वादों की पहचान कर आपसी समन्वय के साथ करें निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित वादों की समीक्षा के उद्देश्य से बिहार के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भाग लिया। बैठक में अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां एवं वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान लोक अदालत के अंतर्गत लंबित वादों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा अधिकाधिक मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विकास आयुक्त द्वारा सभी जिलों को निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सुलह-समझौते योग्य वादों की पहचान कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे लंबित वादों की सूची का पुनरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर तैयारी पूर्ण करें तथा संबंधित पक्षकारों को समय पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा लोक अदालत के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# खराटी में 'ज्ञान सरोवर भवन' का भव्य उद्घाटन 12 ज्योतिर्लिंगों की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**ओबरा**। प्रखंड क्षेत्र के खराटी गांव में ब्रह्माकुमारी संस्थान के तत्वावधान में नवनिर्मित 'ज्ञान सरोवर भवन' का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, मोतिहार केंद्र की संचालिका मीना दीदी एवं औरंगाबाद केंद्र की संचालिका बीके सविता दीदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के माध्यम से भगवान भगवान शिव के विविध दिव्य स्वरूपों एवं उनके आध्यात्मिक संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आईं ब्रह्माकुमारी बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें अम्बा की बेबी बहन, हरिहरगंज की राधा बहन, बारुण की सिंकी बहन, गोह की संगीता दीदी, डेहरी-ऑन-सोन की शोभा दीदी तथा ओबरा केंद्र की संचालिका कल्याणी माता प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को 'लक्ष्मी-नारायण' का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मनोरमा बहन, प्रियंका बहन एवं ज्योति बहन ने चंदन तिलक एवं पुष्पवर्षा कर अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने राजयोग एवं आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाते हुए कार्यक्रम की सराहना की। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्ति, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

# सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद में अनुसेवक के पद पर कार्यरत विनय कुमार सिह के सेवानिवृति होने पर कार्यालय परिसर में विदाई समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कर्मी के लिए सेवानिवृति एक परंपरा है, जिसका निर्वहन हमसभी पदाधिकारी एवं कर्मी को करना पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि सेवा में आने के साथ ही सेवानिवृति की तिथि निष्चित हो जाती है। हम सभी कई वर्षो तक एक साथ काम करते है तथा एक दिन सेवानिवृत होकर अपने परीवार के बीच जीवन व्यतीत करते है। सभी वक्ताओं ने उनके सुखद जीवन की कामना की। मौके पर ई. सूरज कुमार पाण्डेय, सुरभि चटजी, आंतरिक समिति के अध्यक्ष आषा देवी, सदस्य सिम्पी कुमारी, गणेष पद सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरीषंकर परीक्षा, महादेव कुमार, अनादि प्रमाणिक, महेन्द्र प्रसाद, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगषाला के ज्योति कुमारी तिवारी, अभिषेक कुमार, आरती कुमारी के अलावे निर्भय कुमार सिंह, बबलु कुमार ओझा, भास्कर प्रकाष, कृष्णा राज, सागर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# रफीगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज**। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद के प्रभारी तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनके विचार और सुझाव लिए। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले में जल्द ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है, जिसके लिए सभी प्रखंडों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छह संभावित नामों का चयन कर जिलाध्यक्ष पद के लिए भेजा जाएगा। साथ ही जिले में कांग्रेस संगठन को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर विस्तार से चर्चा की गई।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और अधिक से अधिक जनसमर्थन जुटाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रदेश द्वारा नियुक्त सह प्रभारी सत्येन्द्र नारायण सिंह, वरिष्ठ नेता अरविन्द शर्मा, चुलबुल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, अजय कुमार सिंह एवं धीरेन्द्र कुमार सिंह सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा जैनेन्द्र शर्मा, असफाक अहमद, पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह, राम नरेश सिंह, युवा कांग्रेस रफीगंज विधानसभा अध्यक्ष रणविजय उर्फ पिंटू सिंह, विरेंद्र सिंह, संजय सिंह, अजीम खान, नागेंद्र सिंह, रंजीत शर्मा, राणा रंग बहादुर सिंह, रामराज्य सिंह, रामराज सिंह, विनोद कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, सुरेंद्र यादव एवं उदय पासवान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओबरा महफिल ए कालीन में होली मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित महफिल ए कालीन परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के बुनकरों, अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र का पर्व है। इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। समाज को एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने बुनकरों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने एवं अपने हुनर को नई पहचान दिलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की। मौके पर प्रबंधक सचिव राजनंदन प्रसाद, सहायक प्रबंधक विकास रत्नम, वस्त्र अभियंता विवेक रत्नम, बुनकर कपिल भुइया, राम प्रसाद भुइया, अनुरोध प्रसाद, जीलेदर पासवान, अनिरुद्ध पासवान, रामाशीष यादव आदि थे।

# रफीगंज में पीडीएस अनाज की कालाबाजारी का आरोप, ट्रक बदलकर ले जाने की चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के डाकबंगला के समीप सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अनाज की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच02 डब्लयू 7015 पर लदा पीडीएस अनाज कथित रूप से दूसरे ट्रक बीआर02 बीएच7434 पर उतारकर ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि डाकबंगला के पास पहले ट्रक से अनाज उतारकर दूसरे ट्रक पर लोड किया गया और इसके तुरंत बाद ट्रक को वहां से रवाना कर दिया गया। इस तरह ट्रक बदलकर अनाज ले जाने की प्रक्रिया ने कालाबाजारी की आशंका को जन्म दिया है। घटना के सामने आते ही क्षेत्र में यह चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है। लोगों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अनाज का परिवहन वैध था या इसमें किसी प्रकार की अनियमितता बरती गई है।

बताया जा रहा है कि अनाज उतारने के दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले की सूचना रफीगंज थाना को दे दी गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अस्पताल के निरीक्षण में संदिग्ध पाए गए दो लोगों से हुई पूछताछ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। सदर अस्पताल का सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार किया गया जिसका उद्देश्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय उपस्थिति, दवा उपलब्धता एवं साफ-सफाई व्यवस्था का वास्तविक आकलन करना था। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नवजात शिशु वार्ड, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवाखाना, पैथोलॉजी कक्ष सहित अन्य सभी संबंधित वार्डों का गहन निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सदर अस्पताल परिसर में एंबुलेंस सेवा से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर निरीक्षण के दौरान अस्पताल गेट पर एक निजी एंबुलेंस पाई गई। इस संबंध में मौके पर पूछताछ की गई तथा मामले की जांच के आदेश दिए गए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी व्यवस्था के समानांतर किसी प्रकार की अनियमितता न हो। साथ ही सभी एम्बुलेंस के लोकेशन भी लिए गए। चिकित्सकों की रोस्टर जांच के दौरान 3 डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। कुछ समय पश्चात उनमे से 1 डॉक्टर उपस्थित हुए, जिनसे अनुपस्थिति का कारण पूछा गया, परंतु संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा मरीजों का समुचित एवं प्रत्यक्ष उपचार सुनिश्चित करें। पैथोलॉजिकल लैब के जांच के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अविलंब आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने एवं जांच सेवाएं सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगो से पूछताछ की गई जिसमे 2 व्यक्तियों को संदिग्ध पाया गया। उन्हें अधिक पूछताछ के लिए थाना ले जाए गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आमजन को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## धरना स्थल पर होली मिलन, 413वें दिन भी किसानों का आंदोलन जारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। प्रखंड परिसर में किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को 413वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरना स्थल पर होली मिलन समारोह का आयोजन कर किसानों ने एकजुटता और संघर्ष का संदेश दिया।

धरना की अध्यक्षता लड्डू खां ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव एवं भोला वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कोयल नहर परियोजना और कृषि समस्याओं पर आधारित गीत प्रस्तुत कर अपनी पीड़ा और मांगों को स्वर दिया।

किसान नेताओं डॉ. तुलसी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव एवं संतोष गिरी ने बताया कि उत्तर कोयल नहर के कुटकुट डैम में फाटक लगाने, अंगरा, कोटवारा एवं चेई नवादा शाखा नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर 15 जनवरी 2025 से यह महाधरना जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। नेताओं ने कहा कि किसान बीते एक वर्ष से ठंड, गर्मी और बारिश जैसी विषम परिस्थितियों में भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। यहां तक कि होली और दशहरा जैसे प्रमुख पर्व भी उन्होंने धरना स्थल पर ही मनाए हैं, जो उनके संघर्ष और संकल्प को दर्शाता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा नबीनगर पथ पर गौतम बुद्ध मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह घटना शनिवार के दोपहर की है। जख्मी वृद्ध की पहचान मुड़िला गांव निवासी पचास वर्षीय सुखाड़ी यादव के रूप में हुई है। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उक्त रास्ते से गुजर रहे इंस्पेक्टर अजय कुमार ने घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कुटुंबा में भर्ती कराया।

# शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं का होता है बौद्धिक और मानसिक विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा**। प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू के 40 छात्र-छात्राओं का दल शनिवार को शैक्षणिक परिभ्रमण पर राजगीर रवाना हुआ। इसे प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा, अध्यक्ष, सचिव अनीता देवी, सरपंच प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह पहल काफी सराहनीय है। मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं का बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। बच्चों को विभिन्न जगहों के संबंध में जानकारियां मिलती हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि 40 छात्र-छात्राओं का यह दल राजगीर-नालंदा जा रहा है। इनके साथ गाइड के रूप में विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, संजय कुमार, बीरेंद्र कुमार, अजीत दुबे जा रहे हैं। उधर, प्रखंड के मध्य विद्यालय पोखठा से भी छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुआ। इसे हरी झंडी दिखाकर मुखिया नागेंद्र पाण्डेय उर्फ नन्हकू पाण्डेय व प्रधानाध्यापक नरेश प्रसाद ने रवाना किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि सरकार द्वारा लिया गया कदम काफी सराहनीय है। मुखिया नागेंद्र सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

# स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर झूमे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड अंतर्गत जम्होर थानाक्षेत्र स्थित विष्णु धाम परिसर में आयोजित दो दिवसीय विष्णु धाम महोत्सव शनिवार को सपन्न हो गया। सर्वप्रथम महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर परिसर स्थित भगवान विष्णु एवं अन्य देवी-देवताओं की षोडशोपचार विधि से विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। महंत बालकानंद ब्रह्मचारी एवं आचार्य छोटेलाल पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा एवं आस्था के वातावरण में अनुष्ठान संपन्न कराया गया। महोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान अमृतेश आर्यन के नेतृत्व में प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया गया। मुख्य मंच से चयनित छह प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में संत मैरी स्कूल की छात्रा पूजा कुमारी एवं मधु राज, जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा श्रेया भारती एवं कृति कुमारी, तथा इंटर विद्यालय जम्होर की छात्रा रिया राज एवं निमिषा को सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी, संत मैरी स्कूल की छात्रा माही राज तथा बाल भारती पब्लिक स्कूल, नवीनगर की छात्रा वृद्धि राठौर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। शिवांगी सिंह ने "जरा देर ठहरो राम" गीत प्रस्तुत किया। सृष्टि लक्ष्मी ने "श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में" एवं "अब उठो सिया श्रृंगार करो" की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित दर्शक भाव-विह्वल हो उठे।


## नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

फार्म–IV

(नियम 8 देखिये)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : | सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 5. संपादक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते तथा जो समाचार पत्र के स्वामी हों जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | कमल किशोर सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद बिहार |

**मैं कमल किशोर एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य हैं।**

कमल किशोर

दिनांक 28-02-2026 प्रकाशक के हस्ताक्षर

# डीएम ने कमजोर छात्राओं पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

## कस्तूरबा विद्यालय की व्यवस्था का डीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखण्ड के केशावे गांव में शनिवार को आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य का जायजा लिया तथा छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, नियमित कक्षाओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षण पद्धति अपनाने तथा कमजोर छात्राओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने विद्यालय में संचालित डिजिटल क्लास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास में उपलब्ध प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, डिजिटल बोर्ड एवं ई-कंटेंट के उपयोग की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से डिजिटल माध्यम से पढ़ाई के अनुभव के बारे में जानकारी ली और शिक्षकों को निर्देश दिया कि डिजिटल संसाधनों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि छात्राओं को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा का लाभ मिल सके। छात्रावास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने शयन कक्ष, रसोईघर, भोजन कक्ष, शौचालय, पेयजल व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जांच की। भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि छात्राओं की सुरक्षा, अनुशासन एवं समग्र विकास को प्राथमिकता दी जाए। नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक संवाद, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के आयोजन पर भी बल दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सम्पूर्णता अभियान के तहत एपीएस उच्चतर मध्य विद्यालय, नावकोठी में शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नावकोठी के मुखिया राष्ट्रपति कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक (राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस) एवं प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान ने मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और उन्नत बनाया है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, जिज्ञासु बनने और नवाचार की दिशा में सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय समन्वयक ने कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में शोध और प्रयोग की भावना विकसित होती है। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल से विद्युत उत्पादन, नीलगाय से फसलों की सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। वर्षा जल से बिजली उत्पादन तथा स्मार्ट सिंचाई प्रणाली से जुड़े मॉडल विशेष रूप से दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। एक दर्जन से अधिक बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली विस्तार से समझाई और आगंतुकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।निर्णायक मंडल द्वारा मॉडल की उपयोगिता, प्रस्तुति कौशल और नवाचार के आधार पर आयुषी को प्रथम, आदर्श गौतम को द्वितीय तथा मीनाक्षी कुमारी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में तार्किक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। इस तरह विज्ञान प्रदर्शनी मेला प्रखंड के मध्य विद्यालय चक मुजफ्फरपुर, मध्य विद्यालय रजाकपुर, मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर, मध्य विद्यालय डफरपुर आदि में भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षक अनिल कुमार महतो, आलोक कुमार, नीशू, खुशबू रानी, तनुजा, इंदु सहित कई अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी ने विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण बना दिया और विद्यार्थियों में नई खोज की प्रेरणा जगाई।

# बच्चों को जलवायु संरक्षण संबंधी दी जानकारी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार के अवसर पर मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फोकल शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को जलवायु संरक्षण, जल एवं भूमि संरक्षण, वायु प्रदूषण की रोकथाम तथा पेड़-पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जल की बचत, भूमि का संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वायु प्रदूषण के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की गई। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से सुरक्षित शनिवार'मनाया जाता है ताकि बच्चों में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं भी सुरक्षा के प्रति सजग रहें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शर्मा, शंभू महतो, कन्हैया कुमार, इंदु कुमारी, कंचन कुमारी राजेश कुमार आदि ने अपने अपने विधालय में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम मनाया।

# गंगा ग्लोबल विद्यालय में आयोजित हुआ विज्ञान दिवस समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल विद्यालय (प्रशांत नगर बलिया) के परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (विज्ञान दिवस) का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रियंका शर्मा एवं प्रबंधक सुमंजय कुमार सिंह, निर्णायक मंडल एवं मुख्य अतिथियों प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह, बीएड प्राचार्य डॉ नीरज कुमार, एमबीए प्राचार्य डॉ सुधा झा, तथा प्राचार्य मुरारी पराशर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता, टीमवर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या के प्रेरणादायक भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम विद्यालय के विज्ञान शिक्षक एवं अन्य शिक्षकगण के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया एवं कर्मचारियों ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की सभी ने सराहना की।निर्णायक मंडल द्वारा मॉडलों का मूल्यांकन उनकी उपयोगिता, रचनात्मक वैज्ञानिक सिद्धांतों की स्पष्ट एवं प्रस्तुति शैली के आधार पर किया गया। अंत में श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

# शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक विद्यालयों, मध्य विद्यालयों में शिक्षक, अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापकों ने की। उन्होंने होने वाली 12 मार्च से वार्षिक परीक्षा की चर्चा करते हुए बच्चों को इसकी तैयारी में अभिभावकों को सहयोग करने की अपील की। बच्चों की पढ़ाई के क्रम में आने वाली बाधाओं तथा उसके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। अभिभावक बच्चों का प्रथम गुरु होतें है। बच्चे खुलकर अपने अपने अभिभावक से बातचीत करते हैं। अभिभावकों को बातचीत के क्रम में उनके कठिनाई के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसके समाधान में सहयोग कर सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई में प्रगति का मूल्यांकन करने की जिम्मेदारी अभिभावकों की होती है। उनकी कठिनाई को जानकर उन्हें मानसिक तौर पर सशक्त बनाया जा सकता है। इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। अभिभावकों ने अपनी अपनी कठिनाई को विस्तार से रखा। शिक्षकों को इससे अवगत कराते हुए समाधान में सहयोग करने का भरोसा दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, विभाकर कुमार, संजीत कुमार महतो, इंदु कुमारी, अशोक शर्मा, शंभू महतो, संजीव कुमार, कन्हैया कुमार, अंकित यादव, जमील अहमद, यासमीन अंजुम, शांति देवी, कंचन कुमारी आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान की ज्योति से रोशन हुआ माउंट लिट्रा परिसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह एवं वैज्ञानिक सोच के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं तकनीक आधारित रचनात्मक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समस्या-समाधान क्षमता, नवाचार, रचनात्मकता तथा व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना था। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने स्मार्ट पार्किंग सिस्टम प्रस्तुत किया। जिसमें सेंसर की सहायता से खाली और भरे पार्किंग स्लॉट की जानकारी दी जाती है। कक्षा 6 की छात्राओं ने स्मार्ट डस्टबिन (ड्राई एवं वेट वेस्ट सेग्रीगेटर) बनाकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा 7 के छात्रों ने ऑटोमैटिक वाटर डिस्पेंसर मॉडल प्रदर्शित किया। जो इन्फ्रारेड सेंसर के माध्यम से बिना स्पर्श के पानी उपलब्ध कराता है। कक्षा 1 से 3 के नन्हे विद्यार्थियों ने स्मार्ट ट्रैफिक लाइट के माध्यम से सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया, वहीं कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने वाई-फाई कंट्रोल कार प्रस्तुत कर वायरलेस तकनीक का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा बच्चों के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक सोच की प्रशंसा की। विद्यालय की प्राचार्या डॉ शीतल ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। निदेशक डॉ मनीष देवा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान ही राष्ट्र के विकास की सशक्त आधारशिला है।

# मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन पहुंचे सीवान, देशरत्न को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जीरादेई/सीवान।** मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन ने देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद के पुण्यतिथि पर शनिवार को जीरादेई पहुंच उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात 108 फीट के तिरंगा झंडा राजेंद्र उद्यान में पूर्व राष्ट्रपति के हाथों फहराया गया। पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वी राज सिंह रूपन ने कहा कि जीरादेई की धरती को नमन कर मुझे काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि मेरे ही पूर्वज मॉरीशस में पहुंचे जो गया जिले से थे। उन्होंने बताया कि यही कारण है कि भारत के साथ हमारा रिश्ता था है और रहेगा। उन्होंने बताया कि बिहार हमारे परिवार का हिस्सा है। वहां हमलोग भारतीय त्योहार को भी मनाते है। उन्होंने बताया कि हमारी भोजपुरी भाषा भी यहां जीवित है। सामाजिक क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने वाले पुरोधा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोरंजन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजक उदेश्वर सिंह थे। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति के पत्नी रूपन, सांसद विजय लक्ष्मी, पूर्व मंत्री सह महाधिवक्ता पीके शाही, पूर्व मंत्री सह पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, स्थानीय विधायक भीष्म प्रताप सिंह कुशवाहा पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, संत उमाकांता जी महाराज, चंद्र भूषण राय जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय,एसपी सहित, शिक्षाविद सुभाष प्रसाद, राष्ट्रीय समाजसेवी नीतीश कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया अक्षय लाल साह, काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बच्चों ने बिहार सांस्कृतिक विरासत का किया प्रदर्शन : निदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** विकास विद्यालय डुमरी में शनिवार को बिहार डिस्ट्रिक्ट हेरिटेज फ़ेयर ने आगन्तुक अतिथियों को जबरदस्त आकर्षित किया। इस फ़ेयर में बिहार के सभी 38 जिलों की सांस्कृतिक, भौगोलिक, और राजनैतिक विशेषताओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राजा जीत कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इन बॉटनी, जीडी कॉलेज, और डॉ उत्तम कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इन ज़ूलॉजी, जीडी कॉलेज थे।इस फ़ेयर में प्रत्येक जिले के स्टॉल पर उनकी सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक व्यंजन, हस्तशिल्प, और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। यहां पर आने वाले आगंतुकों ने बिहार के विभिन्न जिलों की संस्कृति को नजदीक से देखा और समझा। फ़ेयर में बिहार के जिलों की सांस्कृतिक विरासत पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, और मुंगेर जैसे प्रमुख जिलों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र थे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह ने कहा यह फ़ेयर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर है। उपनिदेशक राकेश कुमार ने कहा यह फ़ेयर न केवल बिहार की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है बल्कि यह हमारे युवाओं को भी प्रेरित करता है कि वे अपनी संस्कृति को समझें और उसका सम्मान करे। प्राचार्य मनोज कुमार चौधरी ने कहा यह आयोजन हमारे छात्रों के लिए एक महान अवसर है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता राघव कुमार ने कहा यह फ़ेयर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत प्रयास है। फ़ेयर में बिहार के विभिन्न जिलों के हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। यहां पर आगंतुकों ने मधुबनी पेंटिंग का अवलोकन किया। विद्यालय में डिस्ट्रिक्ट हेरिटेज फ़ेयर के साथ-साथ, विकास विद्यालय में साइंस एग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में लगभग 100 मॉडल प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के के सभी शिक्षक, अभिभावक उपस्थित थे।

# पत्रकार गोलीकांड मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** आईजीआईएमएस से इलाज के बाद घर आने पर घायल पत्रकार रमेश कुमार सिंह से श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का शिष्टमंडल मिला उनसे और परिजनों से बातचीत हुई। इसके आधार पर कई बिंदुओं पर अनुसंधान की आवश्यकता जताई गई। इसके बाद जिलाधिकारी और एसपी को आवेदन देकर जांच की मांग की गई। पचरुखी प्रखंड के पत्रकार रमेश कुमार सिंह पर 12 फरवरी 2026 को हुए गोलीकांड मामले में निष्पक्ष एवं व्यापक जांच की मांग को लेकर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, सीवान इकाई ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह एवं महासचिव अरविंद कुमार पाण्डेय के हस्ताक्षरयुक्त पत्र के माध्यम से जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मामले के विभिन्न बिंदुओं पर गहन जांच कराने की मांग की गई है। इस मौके पर जमाले फारूक,अनीश पुरुषार्थी, संदीप सिंह आदि पत्रकार मौजूद थे। ज्ञापन में कहा गया है कि पचरुखी थाना कांड संख्या 41/2026 में दर्ज मामले की जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित हैं। यूनियन ने सवाल उठाया है कि मुख्य अभियुक्त को यह जानकारी कैसे मिली कि पत्रकार किस मार्ग से जा रहे थे और इसकी सूचना किसने दी। साथ ही यह भी जांच का विषय बताया गया है कि घटना से पूर्व संदिग्ध युवक किस स्थान पर मौजूद थे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई या नहीं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि घायल पत्रकार के रक्तरंजित कपड़ों को अब तक एफएसएल जांच के लिए क्यों नहीं भेजा गया।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जीरादेई/सीवान।** जीरादेई प्रखंड मुख्यालय स्थित राजवंशी देवी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज ठेपहा के सभा भवन में शनिवार को अभिभावक शिक्षक बैठक एवं वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग सिवान एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग सीवान के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विजय प्रसाद ने किया। विजय प्रसाद ने अध्यक्षीय भाषण में विस्तार से कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से मनोयोग से पढ़ने का आह्वान किया तथा अभिभावक जनों से अपील किया कि अपने बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजिए। छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से अपना प्रस्तुति किया। पेंटिंग प्रतिभागियों एवं अभिभावकों तथा वृद्ध जनों को विद्यालय परिवार की तरफ से सम्मानित किया गया। छात्रों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रेम चंद प्रसाद, प्राचार्य डा कृष्ण कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक क्रमशः कृष्ण कुमार ओझा, सतीश कुमार तिवारी, अमरेंद्र कुमार, अजय कुमार, प्रशांत भारती, सोनू कुमार, रौशन राज, नीलिमा कुमारी, अपूर्ण कुमारी, आशा कुमारी, प्रीति कुमारी सैयद सबीब रजा नकवी, चंदन कुमार, महेश कुमार, गौरीशंकर यादव, जितेंद्र कुमार, अनीश चंद्र राय आदि उपस्थित थे।

# महिला सम्मान समारोह : सीवान की तीन ग्रैपलिंग बेटियाँ हुईं सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/सीवान।** आशियाना स्थित रामनगरी बीएन क्लब सभागार में आज एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। 'महिला प्रेरित सम्मान समारोह-2 के तहत उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने जीवन में कठिन परिश्रम कर न केवल सफलता हासिल की, बल्कि प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम में कुल 101 महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भोजपुरी फिल्मों के महानायक कुणाल सिंह ने सभी सम्मानित महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इस सम्मान समारोह की खास बात रही सीवान जिले की तीन प्रतिभाशाली बेटियाँ, जिन्हें 'महिला प्रेरणा सम्मान' से नवाजा गया। ये तीनों युवतियाँ ग्रैपलिंग और कराटे जैसे कठिन खेलों में अपनी पहचान बना रही हैं। **सम्मानित प्रतिभाएँ: कविता कुमारी :** हसपुरा प्रखंड के रामविलास यादव की पुत्री कविता कुमारी ने ग्रैपलिंग और कराटे में अद्वितीय सफलता हासिल की है। **श्रेया कुमारी :** गोपालपुर के बैकुंठनाथ शर्मा की बेटी श्रेया कुमारी भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। **मिनी कुमारी:** रघुनाथपुर प्रखंड के उमेश कुमार की पुत्री मिनी कुमारी ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वह 8 बार बिहार प्रदेश की विजेता रह चुकी हैं और उनके नाम 17 स्वर्ण पदक दर्ज हैं। इन तीनों खिलाड़ियों ने न केवल अपने जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि अब इनका लक्ष्य आने वाले समय में भारत देश का प्रतिनिधित्व करना है।

# विक्रमशिला महाविहार के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** जिले के कहलगांव अंचल में अवस्थित पुरातात्विक स्थल 'विक्रमशिला महाविहार' के विकास के लिए एनटीपीसी के कहलगांव विद्युत परियोजना ने आज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राष्ट्रीय संस्कृति कोष के साथ दो करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। एनटीपीसी के कहलगांव विद्युत परियोजना के सभागार में शनिवार को आयोजित एक समारोह में विक्रमशिला महाविहार के संरक्षण एवं विकास कार्यों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल और राष्ट्रीय संस्कृति कोष के संरक्षण निदेशक सुंदर पॉल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर हुए। इसके बाद दोनों ने समझौता पत्र का आदान- प्रदान किया। मौके पर इस परियोजना के एजीएम (एच आर) प्रभारी मनोरंजन सारंगी, एजीएम भास्कर गुप्ता, और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। इस समझौता ज्ञापन के तहत कहलगांव विद्युत परियोजना अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के बाबत दो करोड़ रुपए राशि से विक्रमशिला महाविहार के पास कैफ़ेटेरिया एवं आगंतुक कक्ष का निर्माण, आगंतुकों हेतु पार्किंग सुविधा का विकास, शौचालय ब्लॉक एवं पेयजल सुविधाओं की व्यवस्था के साथ साथ इस महाविहार का संरक्षण एवं पुनर्स्थापन किया जाएगा। यह पहल एनटीपीसी के कहलगांव परियोजना की अपनी नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत देश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मालूम हो कि जिले के कहलगांव अंचल के अंतीचक गांव के पास अवस्थित ऐतिहासिक एवं पुरातत्विक स्थल 'विक्रमशिला महाविहार' प्राचीन भारत का एक प्रमुख शिक्षा केन्द्र रहा है और यहां देश- विदेश के छात्र रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे। वर्तमान समय में यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन है। इस महाविहार (प्राचीन शिक्षा केन्द्र)की स्थापना बीसवीं शताब्दी में पाल वंश के राजा धर्मपाल ने की थी। इधर विक्रमशिला महाविहार बिहार और देश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल बना हुआ है। यहां बड़ी संख्या में देश एवं विदेश के पर्यटक पहुंच कर इस पुरातात्विक स्थल की ऐतिहासिक गाथा से रु-ब-रु होते हैं।

# बक्सर में सीमेंट की ग्राइंडिंग यूनिट और बेवरेज उत्पादन इकाई का डिप्टी सीएम ने किया लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जिले में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करते हुए शनिवार को दो महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने जेके सीमेंट की ग्राइंडिंग यूनिट व एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड की अत्याधुनिक बेवरेज उत्पादन इकाई का शुभारंभ किया। बक्सर जिले के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत कांत ग्राम में निजी रूप से क्रय की गई लगभग 96 एकड़ भूमि पर 512 करोड़ रुपए की लागत से जेके सीमेंट की अत्याधुनिक सीमेंट उत्पादन इकाई शुरू हुई है। जबकि, एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. द कोका कोला कंपनी की भारत में सबसे बड़ी एंकर बॉटलिंग फ्रेंचाइजी है। इसकी इकाई जिले के नावानगर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 1,200 करोड़ रुपए के निवेश से शुरू हुई है। उद्घाटन के बाद उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे नीतिगत सुधारों एवं निवेश प्रोत्साहन उपायों का सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों का बिहार में निवेश करना इस बात का प्रमाण है कि राज्य अब औद्योगिक मानचित्र पर सशक्त रूप से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट एवं एसएलएमजी बेवरेजेज की इकाइयां राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा देंगी तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से व्यापक रोजगार सृजन सुनिश्चित करेंगी।

# कारखाना से सम्मान पूर्वक 28 कर्मवीर रेल कर्मियों दी गई विदाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर से फरवरी माह में कुल 28 कर्मवीर रेल कर्मियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। रेल कर्मी को विदाई देते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा जमालपुर कारखाना का गौरवशाली इतिहास रहा है। इतिहास को बरकरार रखने में हमारे कर्मवीर रेल कर्मियों की भूमिका अहम है। आज जो भी रेल कर्मी कारखाना से सेवानिवृत हो रहे हैं उन्हें एवं उनके परिवार को पहले कारखाना प्रशासन की ओर से बधाई है। रेल में किए गए नौकरी देश सेवा करने के समान होता है इसलिए जब तक रेल कर्मी की सांसे चली गई तब तक वह रेल के अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई दशकों तक रेल में सेवा देने के बाद अब जीवन की दूसरी पाली रेलकर्मी अपने परिवार समाज के साथ बिताने वाले हैं इसलिए घर के साथ समाज सेवा के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सच्चे नागरिक का पहचान देने में अपनी भूमिका जरूर देने की शुभकामना दी। इसके पहले विदाई से सम्मान समारोह का संचालन डिप्टी सीपीओ बीके राय ने किया। लेखा अधिकारी अमर अग्रवाल, सहायक कल्याण पदाधिकारी संजय तांती, डॉ संजय सहित सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मी राजेश कुमार, इंद्रदेव प्रसाद यादव, रेखा कुमारी, संजय कुमार, महेश कुमार, मनोज कुमार,कमल कुमार राय, मनोरंजन कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सहित कई शामिल थे।

## एक नजर

### एएनएम की सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित

**बाराहाट (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज बाराहाट प्रखंड के खड़ाहरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थापित एएनएम मुद्रिका कुमारी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डाध नीलांबर निलय ने कहा सेवानिवृत एएनएम मुद्रिका कुमारी अपने कार्यकाल के दौरान बाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी कई वर्षों तक उनका कार्य काफ़ी अच्छा रहा था। उसके बाद वे खड़ाहरा आरोग्य मंदिर में पदस्थापित रही। वहीं बाराहाट स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा सेवा निवृत एएनएम मुद्रिका कुमारी अपने कार्यों के प्रति हमेशा कर्तव्य निष्ठ होने के साथ साथ उन्हें सरल व व्यवहारिक स्वास्थ्य कर्मी बताया। कार्यक्रम के उपरांत सभी स्वास्थ्य कर्मियों के उन्हें उपहार स्वरूप भेट कर उन्हें सम्मानित किया। मंच संचालन राजेश राज ने किया। इस मौके पर बाराहाट बीसीएम सोनिका राय, सभी सीएचओ, क्षेत्रिय एएनएम मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में बालक की मौत

**नौतन (सीवान) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नौतन थाना क्षेत्र के सुंदरपुर के बालक की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौत मामले में पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर लिया है। बता दें कि एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार को मातम में डाल दिया। 26 फरवरी को नौतन-पीपरा मार्ग पर ईंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया, जिसमें सुन्दरपुर गांव निवासी विन्ध्याचल यादव का 10 वर्षीय बड़ा पुत्र ऋषभ यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी ट्रैक्टर की चपेट में आने से ऋषभ की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष शशि रंजन ने बताया कि मामले में पीड़ित परिवार द्वारा कोई आवेदन नहीं मिलने की स्थिति में स्वतः संज्ञान लेते हुए ट्रैक्टर चालक और मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षा की तैयारी हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम का आयोजन

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंचायत के मंडल टोला स्थित कन्या मध्य विद्यालय चान्दन के सभागार में आज शुक्रवार को आदित्य कुमार के अध्यक्षता व प्रधानाध्यापक आदित्य वर्णवाल के नेतृत्व में अभिभावक-शिक्षक बैठक की आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद 'स्टूडेंट ऑफ दि मंथ' एवं 'अभिभावक ऑफ दि मंथ' से वर्गवार चयनित की गई आठ छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर तथा उन सभी छात्र के अभिभावकों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से परीक्षा की तैयारी- हमारी साझा जिम्मेदारी, बच्चों की नियमित पढ़ाई सुनिश्चित करने में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता, परीक्षा अवधि में बच्चों को शैक्षणिक एवं भावनात्मक सहयोग, बच्चों के स्वास्थ्य,पोषण एवं सीखने की क्षमता में पोषण वाटिका की भूमिका। बच्चों की उपस्थिति एवं व्यवहार पर विस्तृत चर्चा, मोबाईल, टीवी के सीमित उपयोग पर बल, चींटी की सीख प्रेरक आदि कहानी पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अन्त इस बैठक में मुख्य रूप से सुनैना देवी, अनीता देवी, डोली देवी, निशा देवी, शिवशक्ति वर्णवाल, पिंकी देवी पूनम देवी, सुषमा देवी, आशा देवी, भरत वर्णवाल, अवधेश कुमार, निखिल चन्द्र बोस सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### 32 गुम मोबाइल बरामद

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बांका मे होली से पहले पुलिस ने कई परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बांका पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार दोपहर करीब एक बजे पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुम हुए कुल 32 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से 18 मोबाइल उनके असली मालिकों को विधिवत सत्यापन के बाद सौंप दिए गए। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार तकनीकी सेल और थाना पुलिस की टीम काम कर रही है, जिससे आम लोगों को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा, ताकि गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर लोगों को लौटाए जा सकें।होली से पहले पुलिस की इस कार्रवाई ने सच में लोगों के बीच भरोसा और मुस्कान दोनों बढ़ा दिए हैं।

### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी श्वेता सुमन ने बताया कि अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के अकादमिक प्रगति से अवगत कराना एवं घरों में किस प्रकार से बच्चों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता हैं। सभी वर्ग शिक्षकों के द्वारा अभिभावको को संगोष्ठी में बताया गया कि आने वाले बच्चों के वार्षिक परीक्षा की तैयारी हम कैसे करवाए तथा बच्चों के इस वार्षिक परीक्षा में अभिभावक की क्या-क्या भूमिकाएं होगी। इस संदर्भ में चर्चाएं की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में कालेश्वर साह, अमित कुमार, मनोज कुमार, सुषमा कुमारी, रवि कुमार, तारकेश्वर कुमार ऋषि, योगेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया। इस संदर्भ में विद्यालय के वरीय शिक्षक कालेश्वर साह ने बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाई जाती हैं,इनका निधन 28 फरवरी 1963 को पटना के सदाकत आश्रम में हुआ था।

### बीईओ को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**आजमनगर /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आजमनगर प्रखंड में बीईओ के पद पर कार्यरत रहे सुधीर कुमार को प्रखंड के समस्त शिक्षकों की ओर से सेवानिवृत्ति के मौके पर उन्हें भावविनी विदाई दी गई। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों का प्यार तथा स्नेह पाकर इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कुमार कुछ देर के लिए इमोशनल हो गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश रोशन तथा राज किशोर भारती कर रहे थे। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों ने फूलमाला तथा शाल देकर सेवानिवृत शिक्षक सुधीर कुमार को भावभीनी विदाई की। इस अवसर पर शिक्षक मोहम्मद मुस्ताक आलम, मोहम्मद महमुद आलम, सुभाष राय, विप्लव शांडिल आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अपने सेवा काल में सुधीर कुमार अभिभावक के रूप में मार्गदर्शक बने रहे। शिक्षकों को दिशा निर्देश देने के अलावे अभिभावक की तरह शिक्षकों के साथ व्यवहार करने वाले व्यक्तित्व का आज सेवानिवृत्ति से हम लोग काफी इमोशनल हैं। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक मुजाब हुसैन, शिक्षक जमील अख्तर, सरवन कुमार पाल, नवीन मलिक, सहायक उमेश कुमार, शिक्षक अंजार आलम, मोहम्मद मिनहाज आलम, सुभाष राय आदि सहित सैकड़ो की तादाद में शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कमेटी गठित

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज कुमार आजाद ने जिला कमेटी की घोषणा की है। जिसमें दो सह संयोजक, 19 कार्य समिति सदस्य साहित 21 लोगों की समिति गठित की गयी है। इस अवसर पर श्री आजाद ने बताया कि कमिटी व्यापारियों के हित का संरक्षण, भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को व्यापारियों तक एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापारियों के हित में किए गए कार्यों को व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से व्यापारियों तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि बिहार में पुनः डबल ईंजन एनडीए सरकार बनने से व्यापारियों में संतोष है। निर्भीक वातावरण में व्यापार हो रहा है।

# गश्ती बढ़ाने एवं अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने दिए निर्देश

## एसपी ने जमालपुर थाने का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद आदर्श थाना जमालपुर का औचक निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था बहाल करने को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाने की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना था। एसपी ने थाने की पंजी, कंप्यूटर कक्ष और अपराध ग्राफ का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सभी लंबित कांडों की समीक्षा की और अनुसंधानकर्ताओं के साथ मिलकर मामलों के लंबित होने के कारणों पर चर्चा की। एसपी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए गश्ती बढ़ाने और अपराधियों पर नकेल कसने के निर्देश दिए। उन्होंने हाल ही में हुए अपराधों और उनके अनुसंधान में हुई प्रगति की भी समीक्षा की लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और फरियादियों के समस्या पर विशेष जोर दिया गया। पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने और फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए। आगामी होली पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विशेष निर्देश दिए गए। एसपी ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। पर्व के दौरान शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात करने और गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन चेकिंग अभियान चलाने के भी आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर एस.के. मंडल, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान और सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# झाल और ढोलक की थाप पर जमकर उड़े अबीर-गुलाल

## तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय में होली मिलन की धूम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** होली की आहट के साथ ही शहर के शैक्षणिक संस्थानों में उत्सव का रंग चढ़ गया है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध अंगीभूत और वित्त अनुदानित डिग्री कॉलेजों में शनिवार से होली अवकाश घोषित होते ही विभिन्न महाविद्यालयों में होली मिलन समारोह की धूम रही। शहरी क्षेत्र स्थित तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास से सराबोर रहा। ढोलक, झाल और नगाड़े की थाप पर शिक्षकों एवं कर्मियों ने फगुआ गीतों का आनंद लिया। कॉलेज परिसर अबीर-गुलाल के रंगों से सराबोर हो उठा। एक-दूसरे को रंग लगाकर सभी ने होली की शुभकामनाएं दीं।

होली अवकाश की घोषणा के साथ ही पूरे कैंपस में फागुन की मस्ती छा गई। फगुआ की पारंपरिक धुनों पर शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान सौहार्द और आपसी भाईचारे का सुंदर संदेश देखने को मिला।महाविद्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में कॉलेज की शिक्षिका प्रो. डॉ. अनुभा सिंह, प्रो. उर्मिला सिंह, प्रो. डॉ. निभा परमार, प्रो. डॉ. इन्द्राणी सिंह, प्रो. डॉ. रागिनी कुमारी, प्रो. सीमा कुमारी, प्रो. शीला सिंह, प्रो. डॉ. अंजू कुमारी, प्रो. कल्याणी सिंह, प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ सुरेन्द्र सागर, प्रो. रामेश्वर सिंह,प्रो. डॉ. शिव शक्ति, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रो.अमरेंद्र कुमार, प्रो. सत्येंद्र कुमार, प्रो.सुरेश सिंह,सुनील कुमार सिंह, गोपाल सिंह, राकेश कुमार, राम बाबू, प्रवीण कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी शामिल थे। दूसरी ओर वीकेएसयू के कुलपति प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने होली के अवकाश में एक दिन की वृद्धि की है। अब वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, अंगिभूत और संबद्ध डिग्री कॉलेज दो फरवरी से पांच फरवरी तक होली के त्यौहार को लेकर बंद रहेंगे।

# जेआरएस कालेज में आयोजित कार्यक्रम में चयनित किए गए पांच प्रतिभागी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जेआरएस कालेज जमालपुर में शनिवार को युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय तथा मेरा युवा भारत की ओर से संयुक्त रूप से विकसित भारत युवा सांसद 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विधायक कुमार प्रणय तथा अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह तथा मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी लखविंदर सिंह ढ़िल्लो शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डा. देवराज सुमन तथा संचालन एनएसएस पीओ डा. राजेश कुमार सिंह ने की। इस कार्यक्रम में विभिन्न कालेजों के लगभग 100 से अधिक युवा वक्ताओं ने हिस्सा लिया तथा निर्धारित विषय आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल पांच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को चयनित किया गया। इसमें जेआरएस कालेज के स्वयंसेवक रोनित राज ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा आस्था कुमारी, हर्ष आनंद, वैष्णवी कुमारी तथा शिवम शांडिल्य का चयन किया गया। अब ये पांचों चयनित प्रतिभागी 10 मार्च को बिहार विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आपातकाल के दौरान सत्ता पर आसीन व्यक्ति ने लोकतंत्र की हत्या की तथा आम आदमी के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही सभी प्रमुख विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर काफी यातना दी। डा. जयंत कुमार ने आपातकाल के इतिहास और उसके दुष्प्रभाव पर गंभीर आलोचना प्रस्तुत की। प्रो. बीसी पांडे ने आपातकाल के दौरान लगाए गए काले कानून के कारण जनता की पीड़ा का उल्लेख करते हुए सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए जनता की जागरुकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एमयू के कालेज निरीक्षक प्रो. कलाल बाखला, युवा आइकन राजन कुमार, डा. चंद्रलोक भारती, शाहिद रजा जमाल, अंजनी कुमार सुमन आदि उपस्थित थे।

# संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना एवं जिला एड्स कार्यक्रम इकाई कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम परिसर में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर उषा देवी अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपमेयर श्री मंसूर आलम, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार पाण्डेय, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी अशरफ रिजवी, सिविल सर्जन डॉ. जेएन सिंह, वाईआरजी केयर के टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।इस हेल्थ कैंप में एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस, सिफिलिस, बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा यौन संचारित रोगों के प्रति विशेष जागरूकता प्रदान की गई। जिन व्यक्तियों में किसी भी प्रकार की बीमारी पाई गई, उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। सम्पूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 'सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक' के तहत जोख़िम पूर्ण व्यवहार वाले व्यक्तियों को व्यवहार परिवर्तन परामर्श, रोजगार हेतु कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ना एवं समेकित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति, फिजिशियन डॉ. सरफराज, डीपीएम डेप्कू शौनिक प्रकाश, एएनएम डोली आनंद, एटीएम सनी कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं सहयोगी अश्वनी कुमार झा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, दिनेश कुमार, केसर सहाबी, रूबी कुमारी, मिराज, मीनू कुमारी, नीतू कुमारी, अशोक कुमार, जितेंद्र महाराज, अरुण कुमार झा, सनी कुमार पोद्दार, विक्की कुमार, राम निरीक्षण दुबे, प्रभाकर लाल दास एवं नवीन कुमार सेन की सक्रिय सहभागिता रही।

# पुलिस कर्मियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, 128 यूनिट रक्त संग्रहित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार पुलिस सप्ताह-2026 के समापन के अवसर पर शुक्रवार को नवीन पुलिस केंद्र में 'स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल की गौरवपूर्ण शुरुआत पुलिस अधीक्षक राज द्वारा स्वयं रक्तदान कर की गई। एसपी राज के इस अनुकरणीय कदम से प्रेरित होकर जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने भी उत्साहपूर्वक इस महादान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस दौरान कुल 128 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक राज ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान एक मानवीय कर्तव्य ही नहीं बल्कि एक जन सेवा और राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी भी जरूरतमंद को नई जिंदगी देगा और समाज में मानवता की भावना को और मजबूत करेगा। इस मौके पर चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि रक्तदान से सदर अस्पताल स्थित रक्त संग्रह केंद्र को कुल 128 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस पुनीत कार्य के लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक राज समेत अन्य पुलिस कर्मियों को बधाई दी। इस मौके पर सदर अस्पताल वर्ल्ड बैंक के अन्य कर्मी मौजूद रहें।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अंधेरे से उजाले...

सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया। वर्ष 2026-27 तक सकल राज्य घरेलू उत्पाद 13.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

**महिला सशक्तिकरण : सामाजिक बदलाव की धुरी**

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण और पुलिस बल में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। वर्ष 2026 में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 25 लाख महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई, जिसकी कुल राशि 2,500 करोड़ रुपये रही। लखपति दीदी योजना, कन्या उत्थान योजना और साइकिल योजना ने सामाजिक संरचना में सकारात्मक परिवर्तन किया। इन पहलों ने महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भागीदारी को मजबूत किया।

**आगे की राह**

हालांकि उपलब्धियों की सूची लंबी है, फिर भी राज्य की लगभग 33 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के आसपास जीवनयापन कर रही है। बेरोजगारी और औद्योगिक विकास की कमी जैसी चुनौतियां अभी शेष हैं। वर्ष 2025 से 2030 तक की अवधि के लिए सात निश्चय-3 कार्यक्रम के माध्यम से बिहार को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। समग्र रूप से देखा जाए तो नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने अव्यवस्था से व्यवस्था, अंधेरे से उजाले और निराशा से आत्मविश्वास की यात्रा तय की है। यह कथा केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान और विकास दृष्टि के व्यापक रूपांतरण की कहानी है।

# खाटू श्याम बाबा का दो दिवसीय पूजन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मारवाड़ी धर्मशाला के प्रांगण में खाटू श्याम बाबा का दो दिवसीय पूजन उत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन मारवाड़ी समाज की ओर से आयोजित हुआ। भक्ति जागरण के कार्यक्रम में दिल्ली हरियाणा के साथ स्थानीय कलाकारों ने देर रात्रि तक भजन संध्या के कार्यक्रम में खाटू श्याम बाबा के दरबार में भजनों के मीठी-मीठी बोल से हाजिरी लगाया तो धर्म प्रेमी एवं श्रोतागण भाव विभोर हुए। संध्या ज्योत के मुख्य यजमान संजय अग्रवाल व अलका अग्रवाल ने विधि विधान से पुरोहित शिव शंकर पाठक के द्वारा पूजा पाठ कर बाबा की ज्योत जलाकर पूजा अर्चना की। ओर पूरे मंदिर परिसर को भव्य फूलों से सजाया गया था। कलाकार हर्ष शर्मा ने गणेश वंदना, घर में पधारो गजानंद जी जैसे भजनों से कीर्तन की शुरुवात की फिर दिल्ली से आए झांकी ने एक राधा कृष्ण, श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक झांकी की प्रस्तुति की। हरियाणा से आए जतिन जिंदल ने बाबा श्याम के बहुत ही प्यारे प्यारे भजन गाए फिर धमाल ओर होली के भजन जैसे होली खेले रंग ओर गुलाल से, आयो सवालिया सरकार लीले पे चढ़ कर, गर जोर में चाले हीरे मोतिया से नजर उतार दु,खाटूवाले ओ खाटूवाले जैसे भजनों से भक्तों को रिझाया।पूरी व्यवस्था की कमान गणेश शर्मा ने संभाल रखी थी। मौके पर अध्यक्ष रितेश गर्ग एवं मंत्री सुमति जलान ने कहा कि रंग भरी ग्यारस का शुभ बेला पर सभी श्याम भक्त बाबा के साथ हमलोग होली मनाते है और सभी की मंगल कामना की श्याम बाबा से मनाते है। मौके पर गिरधर संघई, दामोदर शर्मा, गोपाल शर्मा, कमलेश खेतान, संदीप अग्रवाल, प्रशांत जोशी, विशाल संघई, शिवम मस्कारा, सुजीत संघई, दिनेश

## निरीक्षी जज ने बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में की पूजा अर्चना

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह निरीक्षी जज अरुण कुमार झा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा की। इस अवसर बाबा गोरखनाथ न्यास समिति पदेन अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई राजू कुमार, सचिव पिंटू यादव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, अंचल पदाधिकारी रिज़वान आलम, श्यामनाथ यादव, देवनारायण नुनिया, निताई यादव, पंचा दास, फनी सिंह, पिंटू साह, अंकित यादव, गणेश बोसक, श्याम अग्रवाल, सनी यादव, फनी दास, रतन यादव, किरण राय, चंदन यादव, नारायण बिन, प्रदीप शर्मा, मंदिर के पुजारी सुरजीत बनर्जी, जीत बनर्जी, श्री राजेश मिश्रा एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# होली पर रहेगी विशेष प्रशासनिक सतर्कता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में होली पर्व के दृष्टिगत जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित शांति समिति के सभी सदस्यों से अपील की कि वे होली पर्व को भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने में सहयोग करें। सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत संभावित समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर लोग एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाते हैं और कभी-कभी कीचड़, गोबर या पेंट फेंकने तथा कपड़े फाड़ने जैसी गतिविधियों के कारण विवाद उत्पन्न हो जाता है। इसलिए इस अवसर पर विशेष प्रशासनिक सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भिन्न समुदायों, विशेषकर हिन्दू और मुस्लिम समुदायों के बीच छोटी-छोटी घटनाओं से उत्पन्न विवादों पर विशेष सतर्कता आवश्यक है और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रशासनिक निगरानी और नियंत्रण बढ़ाया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और वैधानिक तथा प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। होलीका दहन के क्रम में मशाल (लुकवारी) जलाने तथा शरारती तत्वों द्वारा जान-बूझ कर पूर्व विवाद को लेकर दूसरों की फूस की झोपड़ियों, फसल या जलावन में आग लगाना तथा दूसरे की सीवाना में लुकवारी फेंकना जैसी घटनाओं पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता बताई गई। जिलाधिकारी ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पूरी तरह तैयार रखने का निर्देश दिया और बताया कि सभी थानों में अग्निशमन की छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं। उन्होंने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा अश्लील गाने बजाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि झुमटा जुलूस और होली कार्यक्रमों में ऐसी कोई झांकी या दृश्य न हो जिससे किसी सम्प्रदाय, जाति या वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचे और किसी प्रकार की वैमनस्यता उत्पन्न होने की संभावना न रहे। उल्लंघन की स्थिति में व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि होली मिलन समारोह, झुमटा, मटका आदि का रूट और समय पहले से निर्धारित करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर भरोसा न करें। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद साबुल हसन खां, अपर समाहर्ता (आपदा) उमेश पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, सदर डीएसएसएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष तथा जिला शांति समिति के सदस्य सहित जिला के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की वास्तविक शक्ति : राजेश ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** संगठन सृजन अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर मदनपुर पहुंचे। यहां प्रखंड मुख्यालय के धर्मशाला परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पार्टी की संगठनात्मक बैठकों में ब्लॉक और जिला स्तर पर मजबूती, चुनावी हार से सीख और पदाधिकारियों के माध्यम से अनुशासन व एकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के राय और विचार भी जाने। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए जाने पर भी चर्चा की गई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर चर्चा करना है। कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक विधानसभा, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सक्रिय संरचना तैयार की जा रही है। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष प्रखंड संजीव कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश द्वारा नियुक्त औरंगाबाद के सह प्रभारी सत्येन्द्र नारायण सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविन्द शर्मा, चुलबुल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह, अजय कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार सिंह, इंद्रदेव भुइयां, मुन्ना खान, मनोज सिंह, सुरेन्द्र पाठक, संजय पाठक, रमेश पासवान, योगेन्द्र सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कर्मी उपस्थित रहे।

# पुराने जेल परिसर में बनेगा अभियोजन भवन, जिला जज ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के समीप स्थित पुराने जेल परिसर में शीघ्र ही नए अभियोजन भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस संबंध में शनिवार को औरंगाबाद के जिला जज राजीव रंजन कुमार ने लोक अभियोजक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्तमान लोक अभियोजक कार्यालय अत्यंत जर्जर अवस्था में है। लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष ने बताया कि मौजूदा भवन ब्रिटिश कालीन है और इसकी स्थिति काफी खराब हो चुकी है। वहीं जिला लोक अभियोजक का कार्यालय सहकारिता बैंक के एक जर्जर मकान में किराये पर संचालित हो रहा है। दोनों भवनों की हालत ऐसी है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। अजय कुमार संतोष ने जिला जज से कार्यालय के लिए उपयुक्त और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर जिला जज राजीव रंजन कुमार ने बताया कि पुराने जेल परिसर में नए अभियोजन भवन के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है। प्रस्ताव के अनुसार, उसी भवन में जिला अभियोजन पदाधिकारी तथा जिला लोक अभियोजक के कार्यालय भी स्थापित किए जाएंगे। लोक अभियोजक ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही एक औपचारिक अनुरोध पत्र जिला न्यायाधीश को सौंपा जाएगा, ताकि निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दी जा सके। नए भवन के निर्माण से अभियोजन कार्यों के सुचारू संचालन में सुविधा होगी।

# निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल से धराये दो संदिग्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा रात्रि में सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार किया गया जिसका उद्देश्य अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय उपस्थिति, दवा उपलब्धता एवं साफ-सफाई व्यवस्था का वास्तविक आकलन करना था। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नवजात शिशु वार्ड, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवाखाना, पैथोलॉजी कक्ष सहित अन्य सभी संबंधित वार्डों का गहन निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। एंबुलेंस सेवा से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर निरीक्षण के दौरान अस्पताल गेट पर एक निजी एंबुलेंस देखा गया। इस संबंध में मौके पर पूछताछ की गई तथा संबंधित मामले की जांच के आदेश दिए गए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी व्यवस्था के समानांतर किसी प्रकार की अनियमितता न हो। चिकित्सकों की रोस्टर जांच के दौरान तीन डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए। कुछ समय पश्चात उनमे से एक डॉक्टर उपस्थित हुए, जिनसे अनुपस्थिति का कारण पूछा गया, परंतु संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा मरीजों का समुचित एवं प्रत्यक्ष उपचार सुनिश्चित करें। दवाखाना निरीक्षण के क्रम में जेनेरिक मेडिकल स्टोर की जांच के दौरान वहां कोई पंजी संधारित नहीं पाई गई। इस पर कड़ी फटकार लगाते हुए मरीजों को निर्धारित दवाएं समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगों से पूछताछ की गई जिसमे दो व्यक्तियों को संदिग्ध पाया गया। उन्हें पूछताछ के लिए थाना ले जाए गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी चिकित्सकों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि आमजन को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# अलग-अलग अपराधों में 64 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 64 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दुष्कर्म में 1, एसटी-एससी एक्ट में 2, हत्या प्रयास में 10, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 44 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 141 लीटर देसी, 200.55 शराब एवं 1 चार चक्का वाहन बरामद किया गया है। इसके अलावा 29 वारंट एवं 3 कुर्की का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1374 वाहनों की जांच की गई जिसमें 96500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पात्र लाभार्थियों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश यादव एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी विनीता कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिन केंद्रों पर उक्त सुविधाएं अपूर्ण हैं, वहां संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों, स्वीकृति एवं भुगतान की स्थिति की जांच की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लंबित प्रविष्टि को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत लाभुकों के पंजीकरण, सत्यापन एवं भुगतान की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना के लाभ से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे तथा विद्यालयों एवं संबंधित संस्थानों से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। बैठक में पोषण ट्रैकर के माध्यम से लाभार्थियों के टीएचआर (घर ले जाने वाला राशन) वितरण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत वास्तविक समय प्रविष्टि सुनिश्चित करें तथा टीएचआर वितरण में पारदर्शिता एवं नियमितता बनाए रखें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाएं सरकार की प्राथमिकता में हैं, अतः इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व सभी लंबित बिंदुओं पर ठोस प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए, ताकि जिले में संचालित योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंच सके। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के करमा रोड स्थित वार्ड नंबर सात के गली नंबर चार स्थित संस्कार कॉलोनी में 9 फरवरी को दो घरों में हुई भीषण चोरी का नगर थाना की पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कांड में शामिल सात चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी गए कैश और कुछ जेवरात भी बरामद किया है। गिरफ्तार चोरों में एक पश्चिम बंगाल का तो छह भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के रहने वाले हैं। उसकी पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के बरहरा गांव निवासी गांधी प्रसाद, साहेब टोला निवासी राम कुमार एवं अभिषेक सोनी, जज बाजार निवासी अंजनी कुमार, आदर्श विहार कॉलोनी निवासी देव शर्मा, राजा बाजार निवासी सुनील कुमार एवं पश्चिम बंगाल के हुगली जिला अंतर्गत चंडीताला थाना के भगवतीपुर निवासी सुधीर ओरल के रूप में की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के पास से एक स्कॉर्पियो, 317.54 ग्राम चांदी का गहना, 15.18 ग्राम सोने का गहना, 87500 नकद और सात मोबाइल बरामद किया है। बता दें कि मामले में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर एसपी के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर कांड में संलिप्त अभियुक्तों की अभिलंब गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। गठित एसआईटी द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर भोजपुर जिला के बिहिया थाना क्षेत्र से कुल सात संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया एवं उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषणों को बरामद कर सभी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे सभी इसके पूर्व सीवान, बक्सर, नवादा एवं झारखंड राज्य के कई क्षेत्रों में ताला काट कर घर से चोरी करने की घटना को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार चोरों ने बताया कि उनके सदस्य दिन में घूम-घूम कर शहर के वैसे घरों को चिन्हित करते थे जिस घर के मालिक ताला बंद कर के कहीं चले गए हो। इसी क्रम में नगर थाना क्षेत्र के कर्मा रोड स्थित संस्कार कॉलोनी में घटना को अंजाम दिया गया था। गौरतलब है कि चोरी की यह घटना संस्कार कॉलोनी के शंकर दयाल सिंह के घर हुई थी। चोरों ने उनके घर से 14 पीस सोने की अंगूठी, दो पीस सोने का कंगन, दो पीस गले के सोने की चेन, 6 पीस सोने की लॉकेट, एक पीस सोने की हर्ज, पांच जोड़ा सोने के कान का टॉप, 3 पीस सोने का टीका, तीन पीस सोने की नथिया, दो जोड़ा सोने का झुमका, तीन जोड़ा सोने का कुंडल बाली, चार पीस सोने की नथुनी, आठ जोड़ा चांदी का पायल, 18 पीस चांदी का सिक्का, 23 पीस चांदी का बिछिया सहित एक लाख 30 रुपए नकद की चोरी कर ली थी।

# विवेकानंद परिवार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शहर के विवेकानंद वीआईपी स्कूल परिवार द्वारा शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को निदेशक डॉ शंभु शरण सिंह ने होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि होली की पारंपरिक के साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। भारत विविध सभ्यता संस्कृति का अनुपम मेल है। भारत के महान भौतिक वैज्ञानिक सी बी रमन की स्मृति में आज देश विज्ञान दिवस के रूप में मनाता है। वैज्ञानिक खोज और शोध का परिणाम है कि पाषाण युग से निकल कर हम अंतरिक्ष पर कदम रख दिए हैं। आज के युवाओं को नए तरीके से सोचना होगा। हर विषय पर तर्कशील होना होगा। तब हम भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ला सकते हैं। यह होली हमे संदेश देता है कि हमे समाज के हर व्यक्ति के साथ मिलजुल समानता के साथ रहना है। सम्पूर्ण विद्यालय परिवार ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं संप्रेषित किया। इस अवसर पर चेयरमैन मनीष वत्स, उपप्राचार्या सूची कुमारी ने कहा कि इस होली पर सम्पूर्ण मानवता की खुशहाली व समृद्धि की कामना करते हैं। बच्चों की परीक्षा का भी यह समय है वे उत्साह के साथ होली भी मनाएं और परीक्षा की दृष्टि से तन्मयता से अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दें, उनके सफलता की कामना करता हूं।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चिकित्सक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार चिकित्सक की मौत हो गई। घटना अरवल जिले के देवकुंड-बैदराबाद पथ की है। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी 50 वर्षीय डॉ महेंद्र रजक के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, डॉ महेंद्र रजक शुक्रवार को अरवल जिले के शहरतेलपा किसी मरीज का इलाज करने गए थे। वहां से मध्य रात्रि बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह हादसे के शिकार हो गए। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से डॉ महेंद्र रजक सड़क किनारे चाट में गिर पड़े। शरीर में अंदरूनी गंभीर चोट होने के कारण चाट की पानी से निकल नहीं पाए और हादसे में मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप मौत के वास्तविक कारणों की पड़ताल कर रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। घटना को लेकर जिला पार्षद प्रतिनिधि श्याम सुंदर ने बताया कि मृतक सर्जन थे। उनका पूरा परिवार पटना में रहता है।

# परिभ्रमण पर गए पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के अंतर्गत शनिवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के बच्चे बोधगया और गया जी घूमने गए। परिभ्रमण दल को प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि आठवीं कक्षा के 40 बच्चे परिभ्रमण पर गए। उन्होंने बताया कि बच्चे बोधगया में महाबोधि मंदिर, 80 फीट ऊंची बुद्ध की मूर्ति और अन्य बौद्ध मंदिरों का दर्शन किया। ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि पर बच्चों ने जहां ऐतिहासिक चीजों को प्रत्यक्ष देखा, वहीं बोधिवृक्ष की छाया में बैठकर शांति का अनुभव किया। बच्चों ने गयाजी में फल्गु नदी पर बने रबर डैम का अवलोकन भी किया। उच्च तकनीक से बने रबर डैम को देखकर बच्चे बहुत प्रभावित हुए। परिभ्रमण दल में शिक्षक सतीश कुमार सिंह और शिक्षिका कुमारी नंदिनी एवं अन्य बच्चे भाग लिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बारून में हर चौराहे पर लग रहे सीसी कैमरे, फॉगिंग व नौ नई परियोजनाओं पर काम शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून।** नगर पंचायत बारून में हर चौराहे पर सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। फॉगिंग मशीन खरीद के साथ-साथ नौ नई परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। यह जानकारी शनिवार को चेयरमैन इंदु देवी ने दी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जो बारून को एक आधुनिक, सुरक्षित और सुंदर शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। इन परियोजनाओं के तहत शहर के प्रवेश द्वार पर भव्य स्वागत गेट लग चुका है। बहुत जल्द शहर में फॉगिंग होगी जिससे शहर में मच्छर-मलेरिया जैसी बीमारियों को रोका जा सकेगा। सुरक्षा के लिए प्रत्येक चौक-चौराहे पर सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सम्राट अशोक भवन अप्रैल-मई तक पूर्ण रूप से तैयार कर लिया जाएगा। यह भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों के लिए बल्कि सामुदायिक गतिविधियों, बैठकों और जनसेवाओं का मजबूत केंद्र बनेगा। इनके अलावा वार्ड 3 मोहनगंज में दुर्गा कला परिसर के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाने, नागेश्वरपुर का पूर्ण विकास आदि काम कराए जाएंगे। इस मौके पर चेयरमैन के साथ कार्यपालक अधिकारी नितेश कुमार, सहायक कार्यपालक अधिकारी जीवन कुमार, स्वच्छता अधिकारी अभिषेक कुमार, जेई ओम प्रकाश पटेल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रोशन चौधरी, रिजवान इदरीशी, गुड्डू अंसारी, दीपक प्रजापति, आनंद पासवान, अरविंद निषाद, वार्ड पार्षद सोनू गुप्ता, इरशाद अली आदि उपस्थित थे।

# गौरीश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में होली मिलन

**नबिटा संवाददाता**



**नवीनगर।** प्रखंड के चन्द्रगढ़ स्थित गौरीश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन संस्था के सचिव पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस क्रम में परंपरागत होली के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही साथ समस्त महाविद्यालय परिवार के साथ बाहर से आए आगंतुकों को गुलाल लगाकर सचिव द्वारा आशीर्वाद और होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गयी और आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ किसी भी पर्व को मनाकर अच्छा संदेश देने की सीख दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, सुनील सिंह, रामसागर, महेंद्र कुमार यादव, सौरभ कुमार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, विपिन कुमार मिश्रा, सिवकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार, सुमित कुमार, प्रफुल्ल कुमार, चंदन कुमार, पिंटू कुमार, ओमप्रकाश सिंह, अमित कुमार, शुभम, विकास कुमार सिंह, यशवंत सिंह एवं मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

NBT
सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/व्हाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com